दैनिक
www.currentcrime.com
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। बुधवार 16 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 116 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3






# समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान और अवसर दिलाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि : बृजेश पाठक

## अंबेडकर पार्क में डिप्टी सीएम ने किया भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**कालका गढ़ी में किया कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत को एक मजबूत संविधान दिया है। जो सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों का आधार है। भाजपा सरकार उनके विचारों को धरातल पर उतारने के लिये प्रतिबद्ध है। ये शब्द उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गाजियाबाद में आयोजित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती सभा पर आयोजित सम्मान समारोह आयोजन के दौरान का है। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले बृजेश पाठक अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचे और माल्यार्पण कर बाबा साहब के चरणों में प्रणाम किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले काफी संख्या में कार्यकताओं ने कालकागढ़ी चौक पर उनका ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। युवा मोर्चा की टीम रोड शो के माध्यम से उन्हें कार्यक्रम स्थल पर ले गई।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान और अवसर दिलाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। हकीकत में वो भारत के रत्न हैं। उन्होंने देश को एक मजबूत संविधान दिया है। जिससे भारत आज पूरी दुनिया में ताकत का प्रतीक बना हुआ है। इस मौके पर अनुसूचित जाति प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों की ओर से मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को संविधान के प्रति और बाबा साहब का चित्र भेंट किया गया। श्री पाठक ने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें सामाजिक समरसता, संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता और बाबा साहब के विचारों के प्रचार-प्रसार का संकल्प दौहराना चाहिए।






### बाबा साहब कानून ही नहीं अर्थशास्त्र के भी बड़े ज्ञाता थे: अतुल गर्ग



(करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि बाबा साहब के विषय में लगातार भ्रांतियां फैलाई गई हैं। जैसे वो किसी समाज, किसी वर्ग के नेता हैं। उनकी जो विचारधारा है वो दलितों के उत्थान तक सीमित है। ये एक बड़ी भ्रांति है। उनकी भावना तो संविधान में ही नजर आती है। अगर संविधान तैयार होने से पहले उनकी एक-एक डिबेट को सुनेंगे तो तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ये सही है कि उन्होंने दलितों के लिये लड़ाई लड़ी, लेकिन ये भी सच है कि उन्होंने कश्मीर के मामले पर अपनी प्रक्रिया दी। धर्म के आधार पर राजनीति के नियमों का विरोध किया। देश के बंटवारे का विरोध किया। वो कानून ही नहीं अर्थशास्त्र के भी ज्ञाता थे। उनको सीमित दायरे में रखना उचित नहीं।

### डॉ. अंबेडकर को साधा और राणा सांगा के नाम पर मंत्री सुनील शर्मा ने जमकर साधा अखिलेश यादव पर निशाना



(करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा आयोजित कार्यर्क्रम में काफी एग्रेसिव मोड में दिखाई दिये। उन्होंने एक ओर जहां बाबा साहब को लेकर अपने विचार रखे तो वहीं राणा सांगा के नाम पर वो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी प्रहार करने से नहीं चूके। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से आज तक बाबा साहब के नाम पर वोट की राजनीति की गई है। कुछ लोगों ने वोट के लिये उनकी छवि खराब करने का काम किया है। उनको ऐसे बना दिया है कि जैसे वो किसी जाति के नेता हैं। देश के संविधान के निर्माण के अलावा बंटवारे का विरोध उन्होंने किया। मोदी जी ने उनके पांच स्थानों पर पंचतीर्थ की स्थापना की। लोगों को लगता है कि भाजपा को अब परास्त करने के लिये जातियों के नाम पर तोड़ा जाना चाहिए। कभी कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात करती है। ये वही कांग्रेस है जिसने पिछड़ों के आरक्षण को काटकर एक विशेष जाति को देने का काम किया है। ये चाहते हैं कि समाज में फूट पड़े। उसी रणनीति के तहत सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने महान योद्धा राणा सांगा के खिलाफ ऐसी बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि ये सब योजनाबद्ध है, ताकि लोग आक्रोशित हों जिससे शहरों में झगड़े कराए जा सके। ये बयान रामजीलाल सुमन का नहीं सपा नेता अखिलेश यादव का बयान है। वो समाज को जातियों में तोड़ना चाहते हैं। ये विवाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा खड़ा किया गया है।

### बाबा साहब का संविधान भारतीय लोकतंत्र की नींव है: सुनीता दयाल



(करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माण में जो योगदान दिया है, वो भारतीय लोकतंत्र की नींव है, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस ने उनके विचारों को हमेशा हाशिए पर रखा। आज हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मेयर सुनीता दयाल ने कार्यक्रम के बैकड्रॉप पर बाबा साहब के चित्र को देखकर खुशी प्रकट की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के हित में इतने सुंदर और कई तरह के चित्र हैं, ना जाने क्यों उन्हें केवल एक ही दृश्य से दिखाया गया है।



### बाबा साहब ने सर्वसमाज के हितों के लिये काम किया: सतेंद्र शिशौदिया



(करंट क्राइम)। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने कहा कि बाबा साहब ने सर्वसमाज के हितों के लिये काम किया। कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, जिसको चाहा उसको भारत रत्न दिया, लेकिन इन्होंने कभी नहीं चाहा कि बाबा साहब को भारत रत्न मिले। इसकी शुरूआत भाजपा समर्थित सरकार ने की। उनको भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान दिया। संविधान को संसद में लहराने वाले कांग्रेसियों की वजह से ही उनके शासन में संविधान खतरे में था।

### कार्यक्रम में इन लोगों की रही प्रमुखता से मौजूदगी



(करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व विधायक रूप चौधरी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी प्रमुखता से मौजूद रहे। वहीं मंच का संचालन महामंत्री सुशील गौतम ने किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम का सम्मान लेखराज माहौर, प्रदीप चौहान, अनिल कल्याणी, राजन वाल्मीकि और सुमन जाटव ने किया।




### जब एक चेहरे को देखकर कुर्सी से खड़े हो गए डिप्टी सीएम, मंच पर बुलाकर दी सीट



(करंट क्राइम)। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगभग शाम चार बजकर पांच मिनट पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। यहां पर जैसे ही वो अपनी कुर्सी पर बैठे तो अचानक उन्होंने अपने साथ बैठे सांसद अतुल गर्ग के कानो में कुछ गुफ्तगू की और फिर दर्शक दीर्घा की ओर कुछ इशारा किया। ऐसा लगा रहा था कि वो किसी को पहचानने की कोशिश कर रहे हों। तुरंत वो अपनी कुर्सी से खड़े हुए, मंच के किनारे पर जाकर खड़े हो गए और एक सख्श को वो अपने पास मंच पर पुकारने लगे। ये नजारा देख सभी हैरान थे कि आखिर डिप्टी सीएम किस चेहरे को लेकर इतना उत्साहित हैं। उन्होंने जिस सख्श को मंच पर बुलाकर कुर्सी ऑफर की उस सख्श का नाम शेर सिंह गौतम है। समाज के प्रमुख प्रभावशाली चेहरों में उनकी गिनती होती है। टटोलने पर पता चला कि शेर सिंह गौतम भाजपा महानगर महामंत्री सुशील गौतम के पिता हैं।

### जब मेयर सुनीता दयाल ने सांसद अतुल गर्ग को दे दिया हिंडन एयरपोर्ट से उड़ने वाली फ्लाइटों का श्रेय



(करंट क्राइम)। भगवा गढ़ की राजनीति में इन दिनों महापौर सुनीता दयाल और सांसद अतुल गर्ग की ट्यूनिंग की खूब चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। बताया जाता है कि विकास और स्थानीय राजनीति को लेकर दोनों में आजकल खूब गुफ्तगू होती है। दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भी दोनों एकसाथ गुफ्तगू करते हुए दिखाई दिये। मौका जब संबोधन का आया तब सुनीता दयाल ने बाबा साहब के विषय पर पहुंचने से पहले सभी मंचासीन अतिथियों का नाम लिया। नंबर जब सांसद अतुल गर्ग का आया तब सुनीता दयाल ने एक बात ऐसी भी कही जिससे एक विशेष खेमे को शायद हजम ना हो। सुनीता दयाल ने कहा कि सांसद अतुल गर्ग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने हिंडन एयरपोर्ट से उड़ने वाली उड़ानों का श्रेय भी खुले मंच से अतुल गर्ग को दे दिया।

### सुनील शर्मा ने जब की पूर्व विधायक रूप चौधरी की तारीफ तब अतुल गर्ग के शब्द सुनाई दिये बारीक

(करंट क्राइम)। बड़े-बड़े कार्यक्रम में जब मंच के साथ माइक की व्यवस्था हो तब हास्य परिहास के भी किससे हो जाते हैं। गोवा वाली वो उड़ान जिसमें सांसद





अतुल गर्ग के साथ कई लोग गए थे, उस उड़ान के दौरान फेसबुक पर पूर्व विधायक रूप चौधरी के फेसबुक पर ट्वीट काफी सुर्खियों में रहे थे। ये ट्वीट कहीं ना कहीं सांसद से लेकर विधायकों को निशाने पर ले रहे थे। बात भले ही पुरानी हो गई हो, लेकिन इसको मंच पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ताजा कर दिया। जब वो मंचासीन अतिथियों का नाम लेते हुए पूर्व विधायक रूप चौधरी तक पहुंचे तो उन्होंने ये बात प्रमुखता से कही कि रूप चौधरी फेसबुक पर अच्छा लिखते हैं। ये शब्द जैसे ही सांसद अतुल गर्ग तक पहुंचे तो उन्होंने कहा, आप तो ऐसा कहोगे ही। भले ही ये शब्द बहुत जोर से नहीं कहे गए थे, मगर ये बारीक आवाज भी पहुंचने वालों के कानों तक पहुंच चुकी थी। पावर सेंटर वाले समझ रहे थे कि हैवीवेट पावर सेंटर वालों ने यूं ही ये तारीफ वाला तीर अपनी तरकश से नहीं निकाला है।

### सुनील शर्मा ने सुनीता दयाल को बता दिया बुल्डोजर मेयर



(करंट क्राइम)। मंच पर कोई ना कोई अतिथि दूसरे अतिथि के सम्मान में कुछ ना कुछ कसीदे पढ़ रहा था। भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल जहां अपने शब्दों में अतुल गर्ग को लोकप्रिय सांसद बता रहे थे वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में महापौर सुनीता दयाल को बुल्डोजर वाली मेयर बता दिया। उन्होंने अपने संबोधन से संदेश दिया कि मेयर अवैध



अतिक्रमणों पर कार्यवाही करने के लिये खुद ही बुल्डोजर लेकर पहुंच रही है। उन्होंने जैसे ही सुनीता दयाल को बुल्डोजर मेयर संबोधित किया वैसे ही पूरा सभागार हंसी-ठहाकों से गूंज उठा।

### कार्यक्रम में भीड़ जुटाकर मयंक गोयल ने फिर किया अपनी क्षमता को साबित, हजारों की संख्या में उमड़ी डिप्टी सीएम को सुनने के लिए भीड़





(करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल लगातार पार्टी के आयामों को सफलतापूर्वक संपन्न करा रहे हैं। अब तक का उनका कार्यक्रमों का रिकॉर्ड उन्हें प्रथम श्रेणी में ला रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के बाद दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम को लेकर मार्किट में कई तरह की चर्चाएं थीं। कहने वाले कह रहे थे कि डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में भरी गर्मी के बीच में भीड़ जुटाना अध्यक्ष और उनकी टीम के लिये चुनौतीपूर्ण रहेगा। अंबेडकर जयंती तो 14 अप्रैल को समाप्त हो गई है। ऐसे में 15 अप्रैल को कार्यक्रम में ऑडिटोरियम की सभी कुर्सियों को भरना पड़ी चुनौती रहेगी। मगर इन शब्दों को पहला विराम तब लगा जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मंच से एक बात कही, उन्होंने कहा कि मैंने मयंक जी से कहा था कि कार्यक्रम हिंदी भवन में कर लो, यहां संख्या जुटाने में आसानी होगी, तब मयंक जी ने कहा कि आपकी कृपा से कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में करेंगे और कार्यक्रम सफल होगा। कार्यक्रम में आई संख्या इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है। वहीं सुनीता दयाल ने भी कहा कि अध्यक्ष के तौर पर जबसे मयंक गोयल ने पद संभाला है तब से वो बखूबी अपना काम कर रहे हैं। जो भी हो आयोजन में उमड़ी भीड़ ने इस बात का प्रमाण दे दिया है कि अध्यक्ष के तौर पर भीड़ जुटाने के मैनेजमेंट में मयंक गोयल का अपना हुनर है। उनका खुद का व्यवहार और जनाधार भी है। इसके अलावा टीम से कैसे कार्य कराया जाता है इसे भी वो बखूबी जानते हैं। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा भी मयंक गोयल के भीड़ मैनेजमेंट की तारीफ खुलकर करते दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि श्री गोयल ने पुरानी वाली लकीर को लंबा करना शुरू कर दिया है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा : हरगोविंद और चंदन हत्याकांड में 2 गिरफ्तार

**आरोपियों की पहचान असमाउल नादाब (25) उर्फ कालू और उसके भाई दिलदार के रूप में हुई है। दोनों मनु नादाब के बेटे हैं और धुलियान नगरपालिका के वार्ड 16, दिघरी के निवासी हैं।**



**मुर्शिदाबाद:** बंगाल पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन की हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी को बीरभूम के मुरारी से पकड़ा गया। वहीं, दूसरे को मुर्शिदाबाद के सुती से गिरफ्तार किया गया है। सुती, बांग्लादेश बॉर्डर के पास है। एडीजी सुप्रतिम सरकार ने बताया कि हमने दो भाइयों कालू नादाब और दिलदार नादाब को गिरफ्तार किया है। दोनों जाफराबाद के पास दिघरी में रहते हैं। दोनों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। हम उनकी पुलिस कस्टडी मांगेंगे।

शमशेरगंज के जाफराबाद में हत्या

बता दें कि हरगोविंद और उनके बेटे चंदन की शनिवार को शमशेरगंज के जाफराबाद में हत्या कर दी गई थी। यह घटना मुर्शिदाबाद में वक्फ अमेंडमेंट एक्ट पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद हुई हिंसा के दौरान हुई। दास की पत्नी ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि उनके पति और बेटे को एक भीड़ ने घर से बाहर निकाला और सड़क पर बेरहमी से मार डाला। दोनों के शव कई घावों के साथ बरामद हुए थे। पत्नी ने कहा कि परिवार ने भीड़ से बहुत मिन्नतें कीं, लेकिन उनकी चीख-पुकार किसी ने नहीं सुनी। एफआईआक में लिखा है कि हालांकि वहां बहुत सारे लोग थे, लेकिन हत्या कुछ ही लोगों ने की। त्रक्क्र में पांच संदिग्धों के नाम भी दिए गए हैं।

बाकी हत्यारों की तलाश जारीएडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने सोमवार को कहा था कि पिता-पुत्र की जोड़ी के हत्यारों की तलाश जारी है। शमीम ने कहा था जिन्होंने अपराध किया, जो वहां मौजूद थे, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उनकी राजनीतिक संबद्धता कुछ भी हो। हमने उन लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिन्होंने हत्याएं कीं और जो किसी भी उद्देश्य से वहां इकट्ठा हुए थे। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि दास पिता और पुत्र को दंगा रोकने की कोशिश करने के लिए नहीं मारा गया, बल्कि उन्हें उनके घरों से खींचकर मारा गया।

# सीएम रेखा गुप्ता की स्कूलों को चेतावनी कहा, फीस बढ़ाई तो भुगतना होगा अंजाम

**कुछ स्कूलों के बच्चों के अभिभावक लगातार मुझसे मिल रहे हैं और अपनी समस्याएं बता रहे हैं। यह बात पक्की है कि किसी भी स्कूल को किसी भी अभिभावक या बच्चे को परेशान करने, या स्कूल से निकालने की धमकी देने या सामान्य फीस बढ़ाने का अधिकार नहीं है। इसके लिए नियम, कानून हैं, जिनका पालन करना बहुत जरूरी है। अगर कोई स्कूल इसका उल्लंघन करता पाया गया तो उसे भुगतना पड़ेगा। जिन स्कूलों के खिलाफ शिकायतें आ रही हैं, उन सभी के खिलाफ हमने नोटिस जारी कर दिए हैं। - रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**




**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा शिक्षा निदेशालय की अनुमति के बिना फीस बढ़ाने की शिकायतें पिछले एक महीने से लगातार आ रही हैं। एक अप्रैल से ही नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है, तब से इन शिकायतों की बाढ़ सी आ गई है।

स्कूल के खिलाफ जांच का आदेश: सीएम ने अपने पोस्ट में लिखा है कि आज जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामला सामने आया, जिसमें बच्चों के परिजनों ने गलत तरीके से फीस वसूली और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत दर्ज की। इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर कड़ी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार का अन्याय, शोषण या अनियमितता को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इसमें कोई ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। हमारा संकल्प स्पष्ट है। हर बच्चे को न्याय, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।

बता दें कि दक्षिणी दिल्ली के कारमेल स्कूल, द्वारका के डीपीएस स्कूल, महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल पीतमपुरा और इंद्रप्रस्था वर्ल्ड स्कूल पश्चिम विहार के पेरेंट्स द्वारा काफी समय से स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई अवैध फीस को लेकर विरोध कर रहे हैं। पैरेंट्स ने इन स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया है। लेकिन, इन पेरेंट्स का कहना है कि अभी तक स्कूल के खिलाफ दिल्ली सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि स्कूल लगातार शिक्षा निदेशालय के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और कोर्ट के आदेश की भी अवहेलना कर रहे हैं।

कई स्कूलों के खिलाफ बच्चों के पेरेंट्स लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

# बस और टेंपो की भिड़ंत में 5 की मौत, 11 घायल



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है और 11 अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ, जब गोंडा-बहराइच रोड पर बेहद तेज गति से जा रहे टेंपो में सामने से ओवरटेक करके आ रही बस ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि टेंपो में बैठे सभी लोग एक ही परिवार के थे, जो दावत-ए-वलीमा (शादी की दावत) खाने के लिए जा रहे थे। इनमें से 5 लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद गोंडा-बहराइच रोड पर जाम लग गया है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से भी कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दावत में देरी के कारण ड्राइवर से चलवा रहे थे तेज टेंपो

बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मीडिया को बताया कि मरने वाले उसूलपुर थाना इलाके के इरई गांव के रहने वाले थे। सभी एक ही परिवार के लोग थे, जो थाना हुजूरपुर इलाके के कोल्हुआ गांव में अपने एक रिश्तेदार मोहम्मद याकूब के वलीमा में शामिल होने जा रहे थे। दावत में जाने के लिए उन्होंने एक टेंपो बुक करा रखा था, जिसमें सवार होकर पूरा परिवार वलीमा में शामिल होने जा रहा थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टेंपो ओवरलोडेड था, जिस पर बाहर भी लोग खड़े हुए थे। दावत में देरी होने के चलते परिवार के कहने पर ड्राइवर टेंपो को ओवरस्पीड पर चला रहा था।

**टक्कर लगते ही कई फीट दूर गिरे लोग :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोंडा रोड पर खुटहना इलाके में टेंपो के पहुंचने पर सामने से एक बस तेज गति से आ रही थी। बस ड्राइवर ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने की कोशिश की, तब तक टेंपो भी सामने से पहुंच गया। तेज गति से होने के कारण टेंपो ड्राइवर एकदम ब्रेक नहीं लगा सका और बस व टेंपो की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और उस पर बाहर की तरफ खड़े लोग कई फीट दूर जाकर पड़े।

**इन लोगों की हो गई मौके पर ही मौत :** टेंपो के परखच्चे उड़ते ही 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर लोग मौके पर दौड़े और घायलों को टेंपो के टुकड़ों में से निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण 5 लोगों को लखनऊ रेफर किया गया है। डीएम बहराइच के मुताबिक, टेंपो में सवार 16 लोगों में से 2 महिलाओं मरियम (65) और मुन्नी (45), एक आदमी अमजद (45) और 2 बच्चों अजीम (12) व फहद (5) की मौत हो गई है। गोंडा-बहराइच मार्ग पर जाम लग गया, जिसे खुलवाने के लिए बहराइच पुलिस जुटी हुई है।

# शरबत विवाद: दिग्विजय सिंह ने बाबा रामदेव के खिलाफ दर्ज कराया केस

## 'अगर 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे'

**भोपाल :** योग गुरु बाबा रामदेव के 'शरबत जिहाद' वाले बयान को लेकर चल रहे विवाद में पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह ने भी मोर्चा खोल दिया है। दिग्विजय सिंह ने बाबा रामदेव के खिलाफ पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। दिग्विजय सिंह का कहना है अगर 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो इस मामले में कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे। दिग्विजय सिंह ने बाबा रामदेव और बीजेपी पर निशाना साधाते हुए कहा नरेन्द्र मोदी नाथूराम गोडसे की विचारधारा के हैं। गांधीजी की विचारधारा के वे कतई नहीं हैं।

**बाबा रामदेव पर दिग्विजय सिंह का हमला :** दिग्विजय सिंह ने कहा बाबा रामदेव सिर्फ अपने प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ाने के लिए धर्म और नफरत का सहारा ले रहे हैं। बाबा रामदेव ने सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की है। बीजेपी और आरएसएस धर्म का उपयोग कर समाज में नफरत फैला रहे हैं। रामदेव बीजेपी के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। बाबा रामदेव व्यापारी हैं। वे धर्म, स्वदेशी और राष्ट्रवाद के नाम पर नफरत फैला रहे हैं। रामदेव ने जिस शरबत ब्रांड का जिक्र किया है, वह कंपनी दशकों से देश में आयुर्वेदिक और यूनानी उत्पाद बना रही है। बाबा रामदेव उस पर इसलिए हमला कर रहे हैं, क्योंकि उसका मालिक मुस्लिम है।




**दिग्विजय सिंह ने उठाए कई सवाल :** दिग्विजय सिंह ने सवाल किया क्या मुस्लिम कंपनियों का कोई भी प्रोडक्ट जिदाह कहलाएगा? पतंजलि एक तरह से कह रहा है कि मुस्लमानों से कोई सामान मत खरीदो। वहीं दुबई में अपना प्रोडक्ट बेचने के लिए जमात योजना हित के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें 54 दवाओं में यह रजिस्ट्रेशन लगता है। रामदेव की पतंजति ने दवाई बेचते-बेचते जमीनें भी बेचना शुरू कर दी है। हरियाणा में कई जमीनें शैल कंपनियों के नाम से खरीदी गई हैं।

**आरएसएस व बीजेपी की हिटलर से की तुलना :** दिग्विजय सिंह ने कहा देश में एक समूह को टारगेट किया जा रहा है। यह नई बात नहीं है, फांसीवादी विचारधारा के लोग राजनीतिक सफलता के लिए किसी एक समूह को अपना दुश्मन बताते हैं। हिटलर ने भी यही किया था। सारे यहूदी जर्मनी के दुश्मन हो गए थे। इसी प्रकार आरएसएस, बीजेपी ने अल्पसंख्यक समुदाय को दुश्मन घोषित किया है। उसके पक्ष में जो आवाज उठाएगा, वह राष्ट्रद्रोही हो जाता है। जितने भी वक्फ बोर्ड के कानून के खिलाफ मतदान किया, उसे राष्ट्रद्रोही घोषित कर दिया गया, इसमें मैं भी शामिल हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि शिवराज सिंह चौहान से उस राष्ट्रद्रोही का क्या हुआ, जिसे आईएसआई के लिए जासूसी करते हुए एटीएस ने 2017 में पकड़ा था। उनकी जमानत कैसे हो गई और सरकार ने इस मामले में अपील क्यों नहीं की।

**बाबा रामदेव का बयान कानून के खिलाफ**

दिग्विजय सिंह ने बाबा रामदेव द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो को लेकर कहा रामदेव ने इसमें शरबत जिहाद का जिक्र किया। रामदेव ने रूह अफजा शरबत को मुसलमानों से जोड़ते हुए कहा उससे मिलने वाले पैसे से मस्जिदें और मदरसे बनते हैं, जबकि पतंजलि का शरबत पीने से गुरुकुल और आचार्यकुलम बनते हैं। इस तरह का बयान देश के संविधान और कानून के खिलाफ है। यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- वक्फ बोर्ड कानून से रुकेगी जमीन की लूट

## 'बंगाल की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को हरदोई जिले के दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने माधौगंज के रुइया गढ़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदानी राजा नरपत सिंह के शौर्य दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद जनता को सौगात देने के साथ जनसभा को संबोधित किया।



योगी ने कहा कि वक्फ कानून से जमीन की लूट रुकने वाली है, जिससे विपक्ष को परेशानी है। ऐसा इसलिए हैं कि गुर्गे खाली होकरङ्कजनता की जगह उन्हें ही न लूटने लग जाएं। विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है, लेकिन हमें संविधान पर विश्वास करना और विकास से जुड़ना है।

**वापस आई जमीन पर होंगे ये कार्य :** उन्होंने आगे कहा कि वक्फ संशोधन बिल से वापस आई जमीन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय, निवेश लैंड आदि बनेगा। हरदोई में सीएम आवास योजना के तहत हजारों आवास मिले हैं। जनता को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।

**आज विकास भीङ्कविरासत भी :** सीएम योगी ने आगे कहा कि राशन, रोजगार, किसान सम्मान, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है। विकसित भारत की परिकल्पना के लिए हमें आत्मनिर्भर होगा होना। नौजवानों की स्किल को रफ्तार देनी है। 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

**अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए :** उन्होंने आगे कहा कि बंगाल जल रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं। वह दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं?

लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे रखी है।

# लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में भीषण आग, एक मरीज की मौत, 250 को बचाया

**लखनऊ।** लोकबंधु अस्पताल में सोमवार रात 9:30 बजे भीषण आग लग गई। आग की शुरूआत दूसरे तल से हुई। आग ने सबसे पहले आईसीयू और फीमेल मेडिसिन वार्ड को जद में लिया। आईसीयू वार्ड में तब करीब 25 मरीज भर्ती थे। 30 के आसपास मरीज फीमेल मेडिसिन वार्ड में थे। इससे पहले कि मरीज और तीमारदार कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें देख वार्ड में चीख पुकार के साथ भगदड़ मच गई। डॉक्टर, स्टाफ, तीमारदारों और दमकलकर्मियों ने मरीजों को निकालने में जान झोंक दी। फिलहाल अब तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हो सकी है।



अस्पताल कर्मचारियों ने सीएमएस व अन्य अधिकारियों को आग की सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड लो बुलाया गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचते आग अन्य वार्डों में भी फैल गई। हर तरफ चीख पुकार मच गई। डॉक्टर, नर्स, अस्पताल कर्मी व तीमारदारों जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। आईसीयू और फीमेल वार्ड से पहले मरीजों को निकाला गया। इसके बाद अन्य मरीज निकाले गए। अस्पताल में फंसे करीब 250 से अधिक मरीजों को किसी तरह निकाला गया। देखते ही देखते आग पूरे परिसर में फैल गई। देर रात तक रेस्क्यू जारी रहा।

**हर तरफ धुंआ, फिर छा गया अंधेरा :** आग की लपटें इतनी तेज थी कि चारों तरफ धुआं भर गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने परिसर की बिजली कटवा दी। इससे हर तरफ अंधेरा फैल गया। इसकी वजह से अंधेरे में लोगों को मरीजों को बाहर निकालने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। हर तरफ चीख पुकार मची थी।

**काट दी गई बिजली, पुलिस जुटी राहत कार्य में :** लोकबंधु अस्पताल में लगी आग से हालात तब और अधिक भयावह हो गए जब वहां कर्मचारियों ने बिजली काट दी। पूरे अस्पताल में भरे धुएं और अंधेरे के कारण लोगों को दिखना बंद हो गया। उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी।

# शोध : महिलाओं में तीसरा बड़ा कैंसर है ओवेरियन लिम्फ नोड्स न निकलने पर बढ़ती है समस्या

**नई दिल्ली।** ओवेरियन कैंसर से पीड़ित महिला की सही ढंग से सर्जरी कर लिम्फ नोड्स निकालने पर जिंदगी के कुछ पल बढ़ सकते हैं। यह खुलासा एम्स के एक शोध से हुआ है। इसमें पाया गया कि यदि सर्जन सही समय पर सर्जरी कर उक्त लिम्फ नोड्स को हटा देता है तो मरीज की जिंदगी पांच साल तक बढ़ सकती है।



विशेषज्ञों का कहना है कि स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाला तीसरा बड़ा कैंसर ओवेरियन है। इसमें कैंसर अंडाशय से शुरू होकर धीरे-धीरे पेट के अंदर के हिस्सों में फैल जाता है। एडवांस स्टेज के मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है और महिला दम तोड़ देती है। इस समस्या से निपटने के लिए एम्स के विशेषज्ञों ने 105 मरीजों पर एक शोध किया। मौजूदा समय में शोध में शामिल मरीजों की संख्या बढ़कर 600 पहुंच गई है।

इस शोध में पाया गया कि यदि सर्जरी कर प्रभावित हिस्से के साथ लिम्फ नोड्स को निकाल दिया जाए तो मरीज की जिंदगी के कुछ पल को बढ़ाया जा सकता है। लिम्फ नोड्स शरीर का मुख्य अंग हैं। इसके आसपास महत्वपूर्ण धमनियां व दूसरे अंग होते हैं। यह सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण है। मौजूदा समय में डॉक्टर इसे करने से बचते हैं, लेकिन शोध बताता है कि डॉक्टरों को विशेष ट्रेनिंग दे तो यह सर्जरी करना संभव हो सकेगा।

**शोध में परिणाम मिले बेहतर :** एम्स के कैंसर विभाग के प्रोफेसर डॉ. (मेजर) मुकुरदीपी रे (एमडी रे) ने बताया कि शोध में 105 मरीजों को शामिल किया, जिन्होंने सीआरएस करवाया था। एडवांस ओवेरियन कैंसर में नोडल सकारात्मकता हिस्टोपैथोलॉजिकल रूप से करीब 68-70 फीसदी है। नियोएडजुवेंट कीमोथेरेपी के बाद भी नोडल सकारात्मकता की आशंका करीब 50-80 फीसदी है। ऐसे में नोडल बोझ सीआरएस के दौरान मूल्यांकन और दस्तावेजीकरण और पूर्ण निकासी से सुधार बेहतर है।

**रोगियों की औसत आयु 51 रही :** शोध में शामिल हुए रोगियों की औसत आयु 51 साल (सीमा 19-71) थी। इसमें इसमें स्टेज 3 में 65.7 फीसदी रोगी थे।

**शोध में पेट को 13 हिस्सों में बांटा**

शोध में शामिल हुई महिलाओं के रेट्रो-एरिटोनियल लिम्फ नोड्स और द्विपक्षीय पेल्विक लिम्फ नोड को सर्जरी कर हटाया गया। नोडल कैंसर इंडेक्स की गणना के लिए, पेट को 13 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इसमें रेट्रोपेरिटोनियम के लिए क्षेत्र 1-6, पेल्विक नोड्स के लिए क्षेत्र 1-6 और अतिरिक्त-पेट के नोड्स के लिए क्षेत्र 0 शामिल हैं। इसके अलावा, 1 से 3 तक का नोडल आकार स्कोर प्रस्तावित किया गया है ताकि नोडल कैंसर इंडेक्स 13 से 39 तक हो।

# बड़ा खुलासा: गुजरात और राजस्थान में फैले हैं नवजातों की खरीद-फरोख्त गैंग के एजेंट

**नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह के एजेंट राजस्थान-गुजरात के हर जिले में फैले हैं। मौका लगने पर या तो बच्चों को चोरी कर लिया जाता है या फिर गरीब परिवारों को लालच देकर उनके बच्चों को खरीदकर आगे मुंहमांगी कीमत पर बेच दिया जाता है।**



**नई दिल्ली।** द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ ने नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह से पूछताछ की तो कई चौका देने वाले खुलासे हुए। पुलिस की गिरफ्त में आई यासमीन ने खुलासा किया कि गैंग की सरगना सरोज के कहने पर वह अकेले ही 10 नवजातों को गुजरात और राजस्थान से लाकर दिल्ली-एनसीआर में बेच चुकी है।

गिरोह के एजेंट राजस्थान-गुजरात के हर जिले में फैले हैं। मौका लगने पर या तो बच्चों को चोरी कर लिया जाता है या फिर गरीब परिवारों को लालच देकर उनके बच्चों को खरीदकर आगे मुंहमांगी कीमत पर बेच दिया जाता है। आशंका है कि गिरोह अब तक सैकड़ों नवजातों का सौदा करा चुका है।

आरोपियों के पास से बरामद चार दिन के नवजात के माता-पिता की पहचान कर ली गई है। गिरोह उसे राजस्थान के उदयपुर से बहुत की कम कीमत में खरीदकर लाया था। पुलिस को सरोज के अलावा गिरोह के तीन-चार अन्य महत्वपूर्ण लोगों की तलाश है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि तीनों की उत्तम नगर से गिरफ्तारी के बाद इनको अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अनुरोध पर अदालत ने यासमीन को पांच दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा जबकि अंजली और जितेंद्र को दो-दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया।

यासमीन ने बताया कि वह पति नदीम के साथ मोहन गार्डन उत्तम नगर में रहती है। दूसरे राज्यों में बैठे एजेंट सरोज के कहने पर नवजात का इंतजाम कर लेते हैं। सरोज के आदेश पर यासमीन अपने बेटे को लेकर बच्चा लेने जाती है। ऐसे में किसी को शक नहीं होता।

बच्चा लाकर उत्तम नगर में रखा जाता है। इस दौरान अंजली और जितेंद्र बच्चा खरीदने वाले ग्राहक की तलाश करते हैं। ऐसे लोगों की तलाश की जाती है जो नवजात के बदले मुंह मांगी रकम दे सकें। बाद में सरोज का आदेश मिलने के बाद अजंली और जितेंद्र उनको बच्चा पहुंचा देते हैं। इसके बदले सरोज पांच से दस लाख वसूल लेती है।

छानबीन के दौरान पुलिस को पता

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# जीडीए ने कर दिया इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडओवर

# मगर फिर भी खत्म नहीं हो रही है सीवर की समस्या

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए ने इंदिरापुरम को एक लंबे समय के बाद नगर निगम को हैंडओवर कर दिया। खातों में फंड ट्रांसफर हो गए और पार्षदों ने कहा कि अब वो क्षेत्र का विकास करा पाएंगे। लेकिन अव्यवस्था का फीवर ऐसा है कि यहां सीवर की समस्या जीडीए के राज में भी थी और नगर निगम के कामकाज में भी जारी है। लोग परेशान हैं और अब बैनर लगाकर विरोध कर रहे हैं।

इंदिरापुरम के लोगों को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। सभी वार्डों में महीनों से पानी भरा हुआ है। सीवर की समस्या को लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद भी सीवर लाइन की सफाई कर पानी की निकासी नहीं कराई गई। महीने से सीवर की सफाई नहीं होने के कारण अहिंसा खंड, शक्ति खंड नीति खंड न्याय खंड 3 न्याय खंड एक वैभव खंड अहिंसा खंड न्यायखंड, अभयखंड, ज्ञानखंड, नीतिखंड की सड़क पर पानी भरा रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

न्याय खंड एक ने सीवर की समस्या को लेकर आक्रोश रैली भी निकाली, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सड़क पर पानी भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी न्याय खंड एक में सीवर लाइन और नाला ओवरफ्लो होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है।

इसके चलते सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के गेट पर जलभराव होने से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जरूरी काम के लिए लोगों को गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। सोसाइटी के लोगों ने लोगों ने 'काम नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लेकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना है कि अगर काम नहीं हुआ तो आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## इंदिरापुरम में सीवर के विरोध में लग गए बैनर और लोगों ने शुरू किया विरोध

वार्ड 79




वार्ड 98



वार्ड 81



वार्ड 57



वार्ड 99



वार्ड 87



वार्ड 79



### एक महीने से चल रही है सीवर लाइन जाम और ओवरफ्लो होने की समस्या : आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज ठाकुर



करंट क्राइम। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि सीवर लाइन और नाले ओवरफ्लो होने की समस्या करीब एक महीने से है। बीच में सफाई होने पर समस्या दूर हो गई थी। दो-तीन दिन बाद फिर वही समस्या खड़ी हो गई। अब करीब एक सप्ताह से सड़क पर जलभराव है। कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### जनप्रतिनिधियों की शिकायत के बाद भी नहीं होता जनता की समस्या का समाधान : जुगल बग्गा



करंट क्राइम। जुगल बग्गा ने बताया कि सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के गेट पर ही जलभराव हो रहा है। जलभराव के कारण मच्छर पनप रहे हैं। इससे सोसायटी में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। आरोप है कि यहां के जनप्रतिनिधि भी शिकायत करते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### जलभराव के कारण टूट गई है सड़क और लोग हैं परेशान : आशीष तोमर



करंट क्राइम। आशीष तोमर ने बताया कि मार्ग पर जलभराव से पांच सोसायटी प्रभावित। इस सड़क पर जलभराव के कारण सुपरटेक आइकॉन, पत्रकार विहार, वी3एस इंद्रलोक, गौर ग्रीन विस्टा और जनता फ्लैट के लोग परेशान हो रहे हैं। वाहनों से यात्रा करने वालों को गिरने का डर सता रहा है। जलभराव के कारण सड़क टूट गई है, जिसके कारण वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### अगर नहीं किया निगम ने समाधान तो सड़कों पर उतरेंगे लोग : पूरन सिंह



करंट क्राइम। पूरन सिंह ने कहा कि लोगों ने बैठक कर नगर निगम के खिलाफ रणनीति बनाई और कहा कि अगर नगर निगम ने जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया तो वे सड़कों पर उतरेंगे और इसके लिए नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। नालों और सीवर की सफाई का काम नही किया जा रहा है। करोड़ों रुपए के फ्लैट लेने के बाद भी सोसाइटी में सीवर के पानी से निकाल कर जाना पड़ता है, यह एक दुर्भाग्य की बात है।

### नगर निगम की लापरवाही से न्याय खंड के लोग हैं परेशान : जय श्री सिंह



करंट क्राइम। जय श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही से ये हाल हुआ है न्याय खंड 1 का लगातार सीवर की समस्या बताई जा रही थे। कर्मचारी और अधिकारी केवल काम की खाना पूर्ति कर रहे समस्या दिन पर दिन बढ़ती गई। पुल टूटने की बात बताकर और नर्क बना दिया।क्या इस कार्य को तेजी से नहीं किया सकता ? सीवर के बहते पानी की कोई तो व्यवस्था करनी चाहिए। लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल है।बीमारी फैलने का डर,बच्चों को महिलाओं को निकलना मुश्किल हो रहा।नगर निगम को आए हुए भी काफी दिन हो गए।

### सीवर और नाले ओवरफ्लो होने से हो रही है परेशानी : पारस



करंट क्राइम। पारस बताया कि सीवर और नाला ओवरफ्लो होने से सड़क पर पानी जमा हो गया जाता है। स्थानीय लोगों की परेशानी नगर निगम को शिकायत की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसकी शिकायत कई आप क्षेत्र पार्षद में नगर निगम के अधिकारियों के बीच की है लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है सीवर का एक चैंबर टूटा हुआ है जिसमें आए दिन गंदगी बहती रहती है।

### तालमेल से ही होगा समाधान : मीना भंडारी



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद मीना भंडारी का कहना है कि हाईवे के पास नल की पुलिया तुड़वा गई है वह तुरंत बननी चाहिए थी जिस वार्ड में शिवर की समस्या उत्पन्न ना हो उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं है यदि गंभीर होता तो वार्ड में कहीं भी सीवर की समस्या उत्पन्न होती। लोगों को बहुत भयानक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है यदि वार्ड पर पूरी तैयार से ध्यान दिया जाए तो वार्ड में इतनी सीवर की समस्या उत्पन्न नहीं होगी मेरा कहना यही है कि अधिकारियों से तालमेल बनाकर ही वार्ड में इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

### सीवर के पानी से बीमारी का खतरा : आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुमित चौधरी



करंट क्राइम। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुमित चौधरी ने बताया एटीएस सोसायटी गेट नंबर 3 के पास सीवर की समस्या महीना पुरानी है इसको लेकर अधिकारियों को फोन पर कई बार सूचना दी है फोन पर तो बोल देते हैं ठीक कर देंगे लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता जनता प्रतिनिधि को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन महीना के बाद भी सड़क पर आज भी सीवर का पानी जमा हुआ है जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है।

### इंदिरापुरम में नगर निगम नहीं दे रहा है ध्यान : हेम शर्मा



करंट क्राइम। हेम शर्मा ने बताया कि इंदिरापुरम में सीवर ओवरफ्लो की गंभीर समस्या को दर्शाता है और लोगों की नगर निगम से कार्रवाई करने की मांग को उजागर करता है। अहिंसा खंड में सीवर की समस्या गंभीर है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सीवर लाइन चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और जलभराव हो रहा है।

### लोगों का घरों से बाहर निकलना भी हो मुश्किल : संजय चौधरी



करंट क्राइम। संजय चौधरी ने बताया कि इंदिरापुरम के नीतिखण्ड में सीवर ओवरफ्लो की समस्या चल रही है, जिससे स्थानीय लोग प्रभावित हैं। सीवर लाइन चोक होने के कारण सड़कों पर जलभराव हो रहा है और लोग परेशान हैं। सीवर लाइन चोक होने के कारण सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। सड़कों पर जलभराव के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों की परेशानी होती है।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान : आशा चौधरी



करंट क्राइम। आशा चौहान ने बताया कि शक्ति खंड में सप्ताह भर से सीवर की समस्या उत्पन्न है, नगर निगम में शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जलभराव के कारण मच्छर पनप रहे हैं, ।जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### लोगों को हो रही है परेशान, मगर नहीं हो रहा समाधान : आलोक मिश्रा



करंट क्राइम। आलोक मिश्रा ने कहा, इंदिरापुरम के न्याय खंड 3 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या के कारण सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है। यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है और लोगों को परेशानी हो रही है। न्यायखण्ड तीन में सीवर लाइन के ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी भर गया है। सड़कों पर जलभराव से आवागमन में परेशानी हो रही है और लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी दिक्कत महसूस कर रहे हैं। गंदे पानी के कारण आसपास दुर्गंध फैल रही है।

### नगर निगम नहीं दे रहा है हमारी समस्या पर ध्यान : पार्षद सुरेश सैन



करंट क्राइम। सुरेश सेन ने बताया कि सीवर इस समस्या से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं और उन्होंने नगर निगम से शिकायत भी की है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। रोज स्कूल के बच्चे भी सीवर के पानी से होकर गुजरते हैं शिकायत करने के बाद भी नगर निगम ईश्वर ध्यान नहीं दे रहा है कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इससे आगे बात कराया गया है।

### समाधान के लिए लिखा है नगर आयुक्त और महापौर को पत्र : पार्षद राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वार्ड में सीवर की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। कई स्थानों पर सीवर चोक रहता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया इस समस्या को लेकर नगर आयुक्त व महापौर को पत्र दिया है, जिससे वार्ड की लाइन बदली जा सके। वार्ड में सीवर की समस्या कुछ स्थानों पर होती है। उसको नगर निगम के कर्मचारी द्वारा ठीक कराई जाती है।

### एसटीपी प्लांट नहीं चलने से हो रही है परेशानी : पार्षद डॉ. अनिल तोमर



करंट क्राइम। पार्षद डॉ अनिल तोमर ने कहा कि वार्ड में सीवर की समस्या बनी रहती है, इसका एक प्रमुख कारण है। कि एसटीपी प्लांट नहीं चलता नगर निगम के अधिकारियों की मिली भगत से कंपनी वाले एसटीपी प्लांट नहीं चलते है। जिस कारण पूरे इंदिरापुरम में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी है। यह जब तक बनी रहेगी जब तक रेगुलर प्लांट नहीं चलेगा।

### सीवर की सफाई का काम चल रहा है, जल्द होगा समाधान : पार्षद धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि सीवर की लाइनों में गड़बड़ है, पुरानी लाइन अधिकतर चोक है। जिनकी सफाई कराई जा रही है, वार्ड में उसे समय सीवर की समस्या उत्पन्न होती है। जब लाइन को चौक करके खुलवाया जाता है बरसात से पहले वार्ड में सीवर की समस्या का समाधान पूर्णता हो जाएगा। नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से वार्ड में सीवर की सफाई का काम पूरी तेजी से चल रहा है। लेकिन कई स्थानों पर अभी सीवर की समस्या बनी हुई है, कुछ समस्या का समाधान करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### एसटीपी की जांच की जाए : पार्षद प्रीति जैन



करंट क्राइम। पार्षद प्रीति जैन ने बताया कि इंदिरापुरम में अधिकतर सभी क्षेत्र में सीवर की समस्या बनी हुई है, इसका प्रमुख कारण है। पंप ना चलना उन्होंने बताया कि इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिले नगर आयुक्त पार्षदों के साथ मिलकर एक टीम गठित करनी चाहिए। जिससे एसटीपी की जांच की जाए की 24 घंटे में कितने घंटे प्लांट चलता है। प्लांट बंद होने के कारण ही इंदिरापुरम के क्षेत्र में सीवर की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे लोग परेशानी से गुजर रहे हैं, इसको लेकर कई बार लोगों ने प्रदर्शन हंगामा भी किया है।

### जल्द समाप्त होगी समस्या : पार्षद हरीश कडाकोटी



करंट क्राइम। पार्षद हरीश कडाकोटी ने कहा वार्ड में सीवर की समस्या बनी हुई है, जिसके का मुख्य कारण हाईवे के पास पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। जल्द ही पूरा हो जाएगा तो समस्या भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कई क्षेत्र में सीवर की समस्या बहुत विकराल उत्पन्न हो रही है। जिससे सोसाइटी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेरे वार्ड में कई बार लोगों ने प्रदर्शन भी किया है। इसको लेकर लेकिन मेरा प्रयास है इस समस्या का समाप्त हो नगर निगम के अधिकारियों से यही प्रयास रहता है कि वार्ड में सीवर की समस्या का समापन किया जाए।

### मेरे वार्ड में सीवर की समस्या अधिक नहीं है : पार्षद अनुज त्यागी



करंट क्राइम। पार्षद अनुज त्यागी ने बताया कि वार्ड में सीवर की समस्या कुछ स्थानों पर बनी हुई है। लेकिन मेरे वार्ड में सीवर की समस्या अधिक नहीं है, कई जगह चैंबर टूटे में जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेरा प्रयास यही रहता है कि वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

# निखिल चक्रवर्ती को मिला एसडीएम मोदीनगर का चार्ज



### आईएएस अधिकारी पूजा गुप्ता को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट न्यायिक लोनी बनाया गया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला प्रशासन में विभिन्न पदों पर पारी खेलने वाले पीसीएस अधिकारी निखिल चक्रवर्ती को मोदीनगर एसडीएम की जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने दी है। प्रशासनिक स्तर पर हुए इस फेरबदल में आईएएस अधिकारी पूजा गुप्ता को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट न्यायिक लोनी बनाया गया है।

इसके अलावा पीसीएस अधिकारी अजीत सिंह को असिस्टेंट सिटी मजिस्ट्रेट का चार्ज दिया गया है। गौरतलब है कि निखिल चक्रवर्ती इससे पूर्व में लोनी एसडीएम की जिम्मेदारी देखने के साथ-साथ एसडीएम न्यायिक का भी प्रभार देख चुके हैं। उन्हें एक व्यवहारिक अधिकारी के तौर पर जाना जाता है।

# गुरुजी ने बता दिया अध्यक्ष मयंक गोयल को लंबी रेस का अश्व



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के गुरुजी यानी चार बार के पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर जब भी किसी राजनीतिक मंच पर होते हैं तो उनके आसपास उनके समर्थकों और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों का डेरा लग ही जाता है। नजारा उस वक्त का है जब दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आगमन का इंतजार चल रहा था। यहां हॉल के नीचे बने ऑफिस में गुरुजी पार्टी के तमाम नेताओं के साथ गुफ्तगू में व्यस्त थे। यहां पर नए भाजपाई ओर पुराने भाजपाईयों के बीच में चचाएं चल रही थी। जो शब्द सुनाई दे रहे थे वो ये थे कि पुराने भाजपाईयों के साथ-साथ नए भाजपाईयों को भी खूब तवज्जो मिल रही है। आज दूसरे दलों से आए कई चेहरे जनप्रतिनिधि हो गए हैं। अब ये तंज था या कुछ और ये कहने वाले ही जाने, मगर गुरुजी के आसपास चर्चा में मौजूद पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक भारतीय, टॉम क्रूज फेम पार्षद प्रवीण चौधरी, भाजपा नेता डा. अशोक नागर, भाजपा नेता सुरेंद्र नागर के चेहरों से आने वाली मुस्कराहट काफी कुछ एहसास करा रही थी। तथी इस चर्चा के बीच में भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल की एंट्री होती है। वो गुरुजी को आकर प्रणाम करते हैं और कुर्सी खींचकर बैठ जाते हैं। यहां पर सवाल उठता है कि गुरुजी आप मयंक गोयल जी का क्या भविष्य देखते हैं। उनके महानगर अध्यक्ष बनने से आपको कितनी खुशी है।

इन शब्दों को सुनकर डॉ. रमेशचंद तोमर के चेहरे पर मुस्कराहट आ जाती है। वो कहते हैं कि इनके अध्यक्ष बनने से मैं बहुत ज्यादा खुश हूं और फिर वो अपनी बात में खुद ही गेयर शिफ्ट करते हैं और शब्दों का तोहफा मयंक गोयल को गिफ्ट करते हैं। गुरुजी कहते हैं कि केवल महानगर अध्यक्ष ही नहीं अभी तो ये भविष्य में विधायक भी बनेंगे। सवाल उठता है कि विधायक से आगे भी कुछ बनेंगे, तो इस पर गुरुजी टॉप गियर लगाते हैं और कहते हैं कि ये विधायक भी बनेंगे और सांसद भी बनेंगे। इनका भविष्य बहुत उज्जवल है।

ये शब्द सुनने के बाद चेहरे पर मुस्कराहट लेकर मयंक गोयल कार्यक्रम में वापस लौट जाते हैं, मगर गुरुजी इस बात का खुलासा नहीं करते हैं कि महानगर अध्यक्ष भविष्य में किस सीट से विधायक और किस सीट से सांसद बनेंगे। मगर, गुरुजी के चेहरे पर अक्सर जो मुस्कराहट ऐसे मौकों पर आती है, इन शब्दों को कहने पर वो पूरी तरह से उभरकर बाहर आ जाती है।

# पुलिस चौकी इंचार्ज का महिला से दुर्व्यवहार

**असंसदीय भाषा का प्रयोग करने पर एसआई लाइन हाजिर**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में एक पुलिस अधिकारी को महिला से दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। सिकंदरपुर चौकी के इंचार्ज विमल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने कार्रवाई की पुष्टि की है।


उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत के आधार पर यह कदम उठाया गया है। घटना सोमवार की है, जब एक पारिवारिक विवाद में महिला चौकी पहुंची थी। महिला अपने पक्ष की बात रख रही थी। इस दौरान एसआई विमल कुमार ने महिला से अभद्र व्यवहार किया। वे बेहद उत्तेजित हो गए और असंसदीय भाषा का प्रयोग करने लगे। महिला ने चुपके से इस पूरी बातचीत का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसआई विमल कुमार को लाइन हाजिर कर दिया।

## संपादकीय

# दुर्लभ खनिजों की लड़ाई

सरकार ने देश में दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति के लिए लंबे समय तक सरकारी क्षेत्र पर भरोसा किया। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय भंडारों में इनकी समुचित तलाश नहीं हो सकी। ऊर्जा से लेकर विमानन और रक्षा तक कई क्षेत्रों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के नियंत्रण को लंबे समय से वैश्विक जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीनी निर्यात पर प्रतिबंधात्मक उच्च टैरिफ लागू किए जाने के बाद चीन के नेताओं ने भी इस आर्थिक हथियार का इस्तेमाल आरंभ कर दिया है जिसके बारे में लंबे समय से आशंकाएं प्रकट की जा रही थीं। चीन ने निर्यातक के पास समुचित लाइसेंस न होने की स्थिति में 7 दुर्लभ खनिजों का निर्यात प्रतिबंधित कर दिया है। चीन के पास 17 ऐसे खनिजों की सूची है। अधिकांश निर्यातकों ने ध्यान दिया कि फिलहाल वहां प्रभावी लाइसेंसिंग व्यवस्था नहीं है और कम से कम निकट भविष्य में इसका मतलब निर्यात पर प्रतिबंध लगने जैसा ही है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या चीन के अधिकारी वास्तव में कोई निर्यात लाइसेंसिंग प्राधिकार गठित करना चाहते हैं और उसे इतना क्षमता संपन्न बनाना चाहते हैं जो निर्यात की जांच परख कर सके? अगर वे ऐसा चाहते भी हैं तो इससे व्यवस्था में तनाव उत्पन्न होगा और संभव है कि चीन के अफसरशाह उन देशों के ग्राहकों और कंपनियों को निशाना बनाएं जो भूराजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। अमेरिका इसका प्रमुख उदाहरण है लेकिन उसके साथ-साथ यूरोपीय देश और भारत भी जद में आ सकता है। ऐसे निर्यात नियंत्रण अब उन चुंबकों पर भी लागू होंगे जिनका निर्माण दुर्लभ खनिजों से होता है और जो वाहन और रक्षा क्षेत्र सहित कई तरह के विनिर्माण में इस्तेमाल किए जाते हैं। कम से कम 2010 से यह बात ज्ञात है कि चीन चुनिंदा अहम खनिजों पर एकाधिकार करना चाह रहा है और वह इस एकाधिकार का इस्तेमाल आर्थिक दबदबा कायम करने के लिए करेगा। यही वह साल था जब चीन ने पहली बार इसे हथियार की तरह बरतते हुए अहम भू-खनिजों का जापान की कंपनियों को किया जाने वाला निर्यात रोक दिया था। उस समय दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ था। तब से अब तक अन्य देशों के पास पर्याप्त अवसर था कि वे वैकल्पिक क्षमताएं विकसित कर लेते। दुर्भाग्यवश कई देशों में अलग-अलग नए नीतिगत मिशन स्थापित होने के बावजूद और अमेरिका के पिछले प्रशासन द्वारा ढेर सारी धनराशि आवंटित किए जाने के बावजूद इसके आपूर्ति श्रृंखला पर चीन का प्रभावी नियंत्रण बरकरार है। अमेरिकी कंपनियों ने खासतौर पर अक्षम्य आलस्य बरता है। इसके वैश्विक परिणाम बहुत परेशानी खड़ी करने वाले हो सकते हैं। खासतौर पर इलेक्ट्रिक कारों को अपना रही कार कंपनियों को अहम चुंबक हासिल करने में संघर्ष करना होगा। इसी तरह ड्रोन, रोबोटिक्स और मिसाइल विनिर्माण को भी आपूर्ति क्षेत्र की दिक्कतों का सामना करना होगा। इसका असर पश्चिमी देशों की सैन्य तैयारियों पर पड़ेगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी में टैरिफ के बाद हुए नुकसान की भरपाई




**नई दिल्ली।** तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक बंपर बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,577.63 (2.09%) अंक चढ़कर 76,734.89 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 509.91 (2.23%) अंक मजबूत होकर 23,338.45 के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह, दोनों सूचकांक 2 अप्रैल की अपनी क्लोजिंग के बाद एक बड़ी गिरावट से पार पाने में सफल रहे हैं। बाजार में किन शेयरों में बेहतर चाल दिख रही है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जवाबी टैरिफ को 90 दिन टालने के बाद पूरी दुनिया के बाजार में रिकवरी दिखी। भारतीय बाजार भी इस तेजी से अछूता नहीं है। वैश्विक शेयरों में तेजी के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में भी मजबूत उछाल दिखा। घरेलू सूचकांक इस महीने की शुरूआत में जवाबी टैरिफ के एलान के बाद हुए नुकसान की भरपाई लगभग कर चुके हैं। तीन दिन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को बाजार में दिखा एक्शन

तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक बंपर बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,577.63 (2.09%) अंक चढ़कर 76,734.89 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 509.91 (2.23%) अंक मजबूत होकर 23,338.45 के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह, दोनों सूचकांक 2 अप्रैल की अपनी क्लोजिंग के बाद एक बड़ी गिरावट से पार पाने में सफल रहे। इस तरह, सेंसेक्स और निफ्टी 2 अप्रैल की अपनी क्लोजिंग 76,617.44 और 23,332.35 अंक के स्तर (टैरिफ के एलान से पहले) को पार्र कर गया। इससे पहले सोमवार को भारतीय बाजार आंबेडकर जयंती के मौके पर बंद थे। हालांकि, भारतीय बाजार का प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक जवाबी के टैरिफ के बाद हुए नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा लेकिन एशियाई बाजार के अन्य सूचकांक मंगलवार को लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। टाटा एसेट मैनेजमेंट के इक्विटीज के मुख्य निवेश अधिकारी राहुल सिंह के अनुसार, आयात शुल्कों ने बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है, लेकिन भारत अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

### टैरिफ पर 90 दिन की राहत मिलने के बाद बाजार में दिखी खरीदारी

अमेरिकी व्यापार में कम जोखिम और मजबूत घरेलू मांग जारी रहने से बाजार पर प्रत्यक्ष प्रभाव प्रबंधन योग्य बना बना हुआ है। बाजार में सकारात्मक रुझान ट्रंप की ओर से चीन को छोड़कर अन्य देशों पर जवाबी टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने और स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को टैरिफ से छूट देने की घोषणा के बाद दिखा है। सोमवार को राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि वह ऑटोमोबाइल पर पहले से लागू 25% शुल्क में भी छूट दे सकते हैं।

### बाजार के किन शेयरों में दिखी मजबूत चाल?

मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स निमार्ता डिक्सन टेक्नोलॉजीज और केनेस टेक्नोलॉजी इंडिया के शेयरों में क्रमश: 2.6% और 5.5% की बढ़ोतरी दिखी। टाटा मोटर्स के शेयरों में भी 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई। ऑटो पार्ट निमार्ता, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ से अपेक्षाकृत अधिक नुकसान होने की आशंका थी, उनके शेयरों में भी उछाल आया। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल के शेयरों में मजबूती दिखी। वहीं सोना बीएलडब्ल्यू प्रेसिजन फोर्जिंग्स के शेयरों में भी बढ़त देखी गई। इन कंपनियों के शेयर क्रमश: 7.3% और 7.6% के उछाल के साथ कारोबार करते दिखे।

### बैंकिंग शेयरों में भी दिखा उछाल

बैंकिंग शेयरों में भी मंगलवार को अच्छी खरीदारी दिखी। एचडीएफसी बैंक का शेयर 3.5% से अधिक की छलांग लगाता दिखा। बैंक ने रेपो रेट में कटौती के बाद बचत बैंक ब्याज दरों को कम कर दिया, जिससे बैंक की शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईआई) से जुड़ी चिंता कम होती दिख रही है। व्यापाक बाजार की बात करें तो घरेलू अर्थव्यवस्था पर केंद्रित स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में क्रमश: 2.5% और 2% का उछाल दिखा।

# खाद्य वस्तुओं के सस्ता होने से मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 2.05% पर

## यह चार महीने में सबसे कम

**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया है कि मार्च 2025 में थोक मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, खाद्य वस्तुओं, बिजली और कपड़ा विनिर्माण आदि की कीमतों में इजाफे के कारण है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।



मार्च महीने में थोक मूल्य आधारित महंगाई दर घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई। फरवरी में यह 2.38 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों की कीमतों में धीमी गति से वृद्धि के कारण भारत की थोक मुद्रास्फीति मार्च में चार महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि, सालाना आधार पर थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। मार्च 2024 में थोक महंगाई दर 0.26 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मार्च 2025 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, खाद्य वस्तुओं, बिजली और कपड़ा विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 3.38 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.57 प्रतिशत रह गई। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट आई। सब्जियों में अवस्फीति फरवरी के 5.80 प्रतिशत की तुलना में इस महीने 15.88 प्रतिशत रही। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 3.07 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 2.86 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी वृद्धि देखी गई तथा मार्च में मुद्रास्फीति दर 0.20 प्रतिशत रही, जबकि फरवरी में अपस्फीति 0.71 प्रतिशत थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

# गूगल इंडिया को झटका, फेमा उल्लंघन केस में जुर्माने की 50% राशि जमा करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गूगल इंडिया और उसके तीन वरिष्ठ अधिकारियों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के लिए लगाए गए जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करने को कहा है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गूगल इंडिया पर 5 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था, साथ ही तीनों अधिकारियों पर संयुक्त रूप से 45 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। यह मामला फेमा की धारा 6(3)(डी) के कथित उल्लंघन से जुड़ा है और इसमें करीब 364 करोड़ रुपये का लेनदेन शामिल है। ईडी के अनुसार, गूगल इंडिया की ओर से गूगल आयरलैंड को वितरक शुल्क के रूप में किए गए भुगतान और गूगल यूएस से उपकरण अधिग्रहण में गड़बड़ी की गई है। एजेंसी ने दलील दी कि गूगल आयरलैंड को देय 363 करोड़ रुपए का भुगतान मई 2014 तक चार वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया, जबकि गूगल यूएस से प्राप्त 1 करोड़ रुपए मूल्य के उपकरणों का भुगतान जनवरी 2014 तक सात वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया।




ईडी ने इन्हें वाणिज्यिक ऋण के रूप में वर्गीकृत किया, जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी। हालांकि, गूगल इंडिया ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उक्त लेनदेन विदेशी मुद्रा ऋण नहीं थे। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि इसमें कोई ऋण समझौता, आस्थगित भुगतान या ब्याज शामिल नहीं है।

# भारतीय उत्पादों के निर्यात में पिछले साल की तुलना में मामूली इजाफा

**नई दिल्ली।** भारतीय वस्तुओं के निर्यात का आंकड़ा 2024-25 में 437.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। 2023-24 में यह आंकड़ा 437.07 बिलियन अमरीकी डॉलर था। इस तरह निर्यात में पिछले साल की तुलना में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय वस्तुओं के निर्यात का आंकड़ा 2024-25 में 437.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। 2023-24 में यह आंकड़ा 437.07 बिलियन अमरीकी डॉलर था। इस तरह निर्यात में पिछले साल की तुलना में मामूली वृद्धि दिखी है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने मंगलवार को यह खुलासा किया।






## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में उत्तम सफलता के योग बनेंगे और मन लगाकर काम करेंगे। काम में अच्छे नतीजे देने वाला होगा।

**वृष :** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन :** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी-बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ेगी।

**कर्क :** आज आप अपने घर परिवार को अच्छा समय देंगे। घरेलू खर्च पर भी आपका ध्यान रहेगा। कुछ चैलेंज सामने आएंगे, जिनका आप अच्छे से सामना करेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। सोचे हुए काम को पूरा करने में थोड़ा टाइम लग सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या :** कारोबार बढ़ेगा निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं।

**तुला :** आज का दिन मान सामान्य रहने वाला है। आप हर काम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश करेंगे और आप का मन भी लगेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है।

**धनु :** रोजमर्रा के काम पूरे होने के योग हैं। आपके काम बनते चले जाएंगे। सोच-समझकर फैसले लेने से ही फायदा हो सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। सेहत के प्रति जो लापरवाही बढ़ती है, आज उसकी वजह से आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी काम करनें की सोचेंगे, उसमें सफलता मिलेगी।

**मीन :** बिजनेस न बढ़ाएं तो ही अच्छा है। जो जैसा चल रहा है चलने दें। महंगी चीजों की खरीदारी हो सकती है। कोई नया और बड़ा डिसीजन न लें तो ही अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

पंडित जी ने कुंडली मिलाई
36 के 36 गुण मिल गए।
लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान हो कर पूछने लगे।
जब सारे गुण मिलते है तो आप
मना क्यों कर रहे हैं?
लड़के वाले- हमारा लड़का बिल्कुल निकम्मा है।
अब क्या बहू भी उस जैसी ले आये क्या ?

टीचर- चांद पर पहला कदम किसने रखा?
गोलू- नील आर्मस्ट्रांग ने।
टीचर- और दूसरा?
गोलू- दूसरा भी उसी ने रखा होगा...लंगड़ी खेलने थोड़े ही गया होगा।

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर
जाये तो हंसी निकल जाती है
और मोबाइल गिर जाये तो
जान निकल जाती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# आईपीएल टिकट के लिए दर्शकों को करना होगा थोड़ा इंतजार



**नई दिल्ली।** क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में मई में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मई में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए क्रिकेट प्रेमियों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। फ्रैंचाइजी की ओर आधिकारिक वेबसाइट पर अभी तक पंजाब किंग्स के मैचों की टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू नहीं की गई है।

अभी तक पंजाब किंग्स के केवल 15 अप्रैल तक के मैचों के लिए ही टिकटों को ऑनलाइन बेचा जा रहा है। जबकि 20 अप्रैल को मोहाली में होने वाले मैच की टिकटों की ऑनलाइन सेल शुरू नहीं की है। जिससे प्रदेश सहित पंजाब के क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार पंजाब किंग्स की ओर से पंजाब में बचे दो मैचों की टिकटों को पहले ही बेचा जाएगा, ताकि इन मैचों में भी दर्शकों की संख्या अधिक हो। वहीं मोहाली के स्टेडियम में धर्मशाला से ज्यादा दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री का अधिकार केवल फ्रैंचाइजी का होता है। इसमें एचपीसीए को कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है। फ्रैंचाइजी ने कब इसकी सेल करनी है। अभी यह तय नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एक सप्ताह के भीतर धर्मशाला में होने वाले मैचों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो सकती है।

# आईपीएल 2025 में चेन्नई ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया, 7 मैच में मिली दूसरी जीत



**लखनऊ।** आईपीएल 2025 में लगातार हार से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आखिरकार जीत की राह पकड़ ली है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सीएसके ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर सीजन की दूसरी जीत दर्ज की। चेन्नई ने यह जीत आखिरी ओवर में हासिल की, जिससे टीम का मनोबल फिर से ऊंचा हुआ। सीएसके के लिए यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि टीम ने पहला मैच जीत के बाद लगातार पांच मुकाबले गंवाए थे।

आईपीएल इतिहास में यह पहला मौका है, जब चेन्नई को एक सीजन में लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, लखनऊ की यह सात मैचों में तीसरी हार रही। लखनऊ द्वारा दिए गए 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की शुरूआत धमाकेदार रही। शेख रसीद (27 रन) और रचिन रविंद्र (37 रन) ने पावरप्ले में तेजी से रन जुटाए। हालांकि, दोनों बल्लेबाज जल्द ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी (9 रन) और रविंद्र जडेजा (7 रन) भी कुछ खास नहीं कर सके। विजय शंकर (9 रन) भी सस्ते में आउट हो गए। विकेटों के गिरने के बावजूद शिवम दुबे (43 रन) ने एक छोर संभाले रखा और फिर महेंद्र सिंह धोनी ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मुकाबले का रुख पलट दिया। धोनी ने सिर्फ 11 गेंदों में 26 रन ठोकते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। उनके इस तूफानी कैमियो ने दर्शकों में रोमांच भर दिया।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरूआत खराब रही। खलील अहमद ने मारक्रम को आउट कर झटका दिया, जबकि निकोलस पूरन भी जल्दी चलते बने। इसके बाद ऋषभ पंत (63 रन) और मिचेल मार्श (30 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की। रविंद्र जडेजा की कसी हुई गेंदबाजी ने लखनऊ की रनगति पर लगाम कस दी।

# ऑस्ट्रेलिया में दिखेंगी काशी की पूजा, पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम में जिले का प्रतिनिधित्व







**वाराणसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम में वाराणसी के गंगापुर की निवासी पूजा यादव का चयन हुआ है। मिडफील्डर पूजा वाराणसी की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई जिसका चयन भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल किया गया है।

पूजा ने बैंगलोर से फोन पर बातचीत में बताया कि आज वह अपने माता-पिता की तपस्या के कारण पहुंची है। पिता महेंद्र यादव दूध बेचने का काम करते हैं। माता कलावती देवी ग्रहणी हैं। वह छह बहन व एक भाई हैं। वह पांचवें नंबर पर है। ओलंपियन ललित उपाध्याय की वीडियो देख वह प्रेरित होती हैं। गंगापुर से उसने अपनी हॉकी यात्रा शुरू की। वहां से साई के कोच द्वारा खेल निखारा। अभी लखनऊ साई हॉस्टल में है। पूर्वांचल विश्विद्यालय जौनपुर से बीए कर रही हैं। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण खेलों का बहुत विकास हो रहा है। कहा कि पूजा के चयन के बाद बालिका खिलाडियों मे इस खेल की तरफ और आकर्षित होंगी। हॉकी वाराणसी के सचिव केबी रावत ने कहा कि बनारस के हॉकी के लिए 14 अप्रैल, 2025 यादगार लम्हा बन गया। पहली बार वाराणसी की महिला हॉकी खिलाड़ी को नीली जर्सी पहनने का मौका मिला है।

# भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज का शेड्यूल घोषित

## 10 साल बाद बांग्लादेश में वनडे सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया, 17 अगस्त से मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम इस साल अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। इस दौरे पर मेजबान बांग्लादेश टीम इंडिया के साथ 3 मैच की वनडे सीरीज और 3 मैच की टी-20 सीरीज खेलेगा। इसकी शुरूआत 17 अगस्त से होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने मंगलवार, 15 अप्रैल को इसका शेड्यूल जारी किया।

### पहला मैच 17 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा

इस सीरीज का पहला मैच 17 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे 20 अगस्त को मीरपुर में ही खेला जाएगा। फिर सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 23 अगस्त को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद 3 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेली जाएगी। टी-20 सीरीज का आगाज 26 अगस्त को चट्टोग्राम में ही होगा।

### 2014 में आखिरी बार बांग्लादेश में जीती सीरीज

भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 5 वनडे सीरीज खेली गई है। यह सभी सीरीज बांग्लादेश में ही खेली गई हैं।

इसमें से भारत 3 और बांग्लादेश 2 सीरीज जीता। आखिरी के दोनों सीरीज बांग्लादेश ने जीते हैं। भारतीय टीम आखिरी बार 2014 में वनडे सीरीज जीती थी। वहीं, दोनों टीमों के बीच अब तक 2 टी-20 सीरीज खेली गई है। ये दोनों भारत ने जीती हैं।

### आईपीएल के बाद इंग्लैंड जाएगी टीम इंडिया

फिलहाल खिलाड़ी आईपीएल में बिजी हैं। 25 मई को आईपीएल खत्म होगा। इसके बाद 20 जून से टीम इंडिया को इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज 4 अगस्त तक चलेगी। 5 मुकाबले लीड्स, बर्मिंघम, लॉर्ड्स, मैनचेस्टर और द ओवल के मैदानों पर खेले जाएंगे।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने इसी महीने बताया कि बोर्ड पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने वाला है। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी कहा जाता है। 2007 में इसकी शुरूआत हुई थी, लेकिन 2025 में ट्रॉफी का नाम बदल दिया जाएगा। नया नाम क्या होगा, यह अब तक तय नहीं हुआ।

# वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूनार्मेंट... जीएसटी 11 और गज ग्रीन के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली।** दोनों ने सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई है। शैली शुक्ला मेमोरियल ट्रस्ट और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-एक में सोमवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जीएसटी 11 और गज ग्रीन की टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में जीएसटी के कप्तान राहुल कपूर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 188 रन बनाए। एसआरएमएस की ओर से अनुज शर्मा और अनंतवीर ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की पूरी टीम 165 रनों पर ही आउट हो गई। जीएसटी के हर्ष राणा ने चार विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।




गज ग्रीन की टीम ने जीता दूसरा मैच दूसरे मैच में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 140 रन बनाए। संस्कार ने 36 और मो. जीशान ने 20 रन बनाए। गज ग्रीन की ओर से विवेक पुरी ने तीन और सैफ राजा व नासिर राजा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गज ग्रीन की टीम ने 17.2 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

शिवम गोस्वामी ने 54 गेंदो में 94 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। सीडीओ जग प्रवेश और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के साथ ही बीइंग अलाइव संस्था की ओर से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. अमीद मुराद, श्रेयांश ग्रोवर, कर्नल सीताराम, डॉ. सबीन अहसन, मयंक शुक्ला, पवन महरोत्रा, ओपी कोहली आदि लोग मौजूद रहे।

# एमएस धोनी को लगी चोट, क्या खेल पाएंगे आईपीएल 2025 के बचे हुए मैच, फैंस में मची खलबली

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाने वाले एमएस धोनी एक बार फिर अपने पुराने रंग में दिखाई दे रहे हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी करते हुए उन्होंने सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ शानदार पारी खेली। लेकिन इस मैच के बाद धोनी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह चोटिल लग रहे हैं और इसी के बाद फैंस की चिंता बढ़ गई है। नई दिल्ली। चेन्नई सुपरकिंग्स की कमान एक बार फिर एमएस धोनी के हाथों में है। ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद उन्हें टीम की कप्तानी मिली है। धोनी ने अपनी कप्तानी में सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ जीत दिलाई। इस मैच में फिनिशर धोनी को देखकर भी फैंश खुश हो गए, लेकिन लोगों का ये पसंदीदा स्टार इस समय दर्द में है। धोनी को अंत के ओवरों में शानदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। धोनी ने 11 गेंदों पर नाबाद 26 रनों की पारी खेली और चार चौकों के अलावा एक छक्का मारा। धोनी की ये पारी टीम को मैच जिताने वाली साबित हुई और उसे सीजन की दूसरी जीत मिली। लेकिन इस जीत के बाद धोनी को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।



# श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के 'प्लेयर ऑफ द मंथ', भारत को चैंपियंस ट्रॉफी दिलाने में था बड़ा योगदान



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अय्यर को 'साइलेंट हीरो' करार दिया। दुबई में धीमी विकेटों पर बीच के ओवरों में स्पिन की धज्जियाँ उड़ाते हुए और खतरे को खत्म करते हुए अय्यर शीर्ष क्रम और मध्य तथा निचले क्रम के बीच पुल बन गए।

भारत के श्रेयस अय्यर ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए मार्च के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। टूनार्मेंट में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अय्यर ने मार्च में तीन मैचों में 172 रन बनाए, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम लीग चरण के मुकाबले में 98 गेंदों पर 79 रन बनाना शामिल है, जब मेन इन ब्लूज ने शीर्ष तीन खिलाड़ियों को सस्ते में खो दिया था। अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में महत्वपूर्ण 45 रन बनाए और फिर कीवी के खिलाफ निर्णायक मैच में 62 गेंदों पर 48 रन बनाए।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अय्यर को 'साइलेंट हीरो' करार दिया। दुबई में धीमी विकेटों पर बीच के ओवरों में स्पिन की धज्जियाँ उड़ाते हुए और खतरे को खत्म करते हुए अय्यर शीर्ष क्रम और मध्य तथा निचले क्रम के बीच पुल बन गए। अय्यर ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती एक ऐसा पल जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

अय्यर ने कहा, इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने में सक्षम होना कुछ ऐसा है जिसका हर क्रिकेटर सपना देखता है। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के प्रति उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। इस सीजन में अय्यर के लिए यह एक मुश्किल शुरूआत थी क्योंकि उन्हें भारत की लाइन-अप में जगह नहीं मिली थी और फरवरी में नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच उन्होंने इसलिए खेला क्योंकि विराट कोहली 100 प्रतिशत फिट नहीं थे, लेकिन उनकी 36 गेंदों में 59 रन की पारी ने टीम में उनकी जगह पक्की कर दी और भारत ने रोहित-शुभमन गिल की सलामी जोड़ी को वापस भेजा और अय्यर ने बाद में अंतिम दो मैचों में 44 और 78 रन बनाए।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हाथ से गिरी ट्रॉफी





**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में ओहयो स्टेट की फुटबॉल टीम को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ था। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने टीम की तारीफ की और फोटो सेशन हुआ। इसके बाद वेंस ने मंच पर ट्रॉफी उठाने की कोशिश की, जैसे ही उन्होंने ट्रॉफी उठाई उसका ऊपरी हिस्सा और नीचे का हिस्सा अलग हो गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसका कारण उनके हाथों से ट्रॉफी का गिरकर टूटना है। दरअसल, ओहयो स्टेट यूनिवर्सिटी की फुटबॉल टीम ने सोमवार को व्हाइट हाउस का दौरा किया था। इस दौरान कॉलेज फुटबॉल प्लेऑफ नेशनल चैंपियनशिप की ट्रॉफी को उपराष्ट्रपति ने गलती से गिरा दिया और वह टूट गई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### जेडी वेंस के हाथ से टूटी ट्रॉफी

व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में ओहयो स्टेट की फुटबॉल टीम को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ था। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने टीम की तारीफ की और फोटो सेशन हुआ। इसके बाद वेंस ने मंच पर ट्रॉफी उठाने की कोशिश की, जैसे ही उन्होंने ट्रॉफी उठाई उसका ऊपरी हिस्सा और नीचे का हिस्सा अलग हो गया। ट्रॉफी का बेस जमीन पर गिर गया जबकि ओहयो स्टेट के ट्रेवेयॉन हेंडरसन ने ऊपरी हिस्सा बचा लिया। इस घटना ने सभी को चौंका दिया। हालांकि, वेंस ने हेंडरसन की मदद से ट्रॉफी को जोड़ा।

### वेंस ने दिया मजेदार जवाब

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिस पर यूजर्स मिली जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए जेडी वेंस ने ट्वीट किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा- 'मैं नहीं चाहता था कि ओहयो स्टेट के बाद कोई और इस ट्रॉफी को ले।' बता दें कि, जेडी वेंस ओहयो स्टेट के 2007 के पूर्व छात्र हैं।

# सिंगर लियोनल रिची से पहली बार मिले मेसी

## रिची के नाम पर रखा गया था स्टार फुटबॉलर का नाम, सिंगर ने पोस्ट किए फोटोज





**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी पहली बार पॉप सिंगर लियोनल रिची से मिले हैं। स्टार फुटबॉलर का नाम इन्हीं सिंगर के नाम पर रखा गया है। मेसी ने इसकी पुष्टि रिची से मुलाकात के दौरान की। वहीं, रिची ने भी एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। छोटे से मुलाकात के दौरान मेसी ने पुष्टि की कि उनकी मां सीलिया रिची की बहुत बड़ी फैन थीं और उनका नाम रिची के नाम पर रखा गया था। दोनों की मुलाकात कॉनकाकाफ चैंपियंस कप के दौरान वर में हुई।

### रिची ने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं

रिची ने मेसी से मुलाकात की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। रिची ने कैप्शन में लिखा, 'जब लियोनल लियोनल से मिलते हैं! उसकी मां ने उसका नाम मेरे नाम पर रखा था। और अब हम यहां हैं। आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा।' रिची ने इसकी साथ एक हसने वाली इमोजी भी बनाई है।

### रिची अपने हेलो गाने के लिए काफी फेमस

मेसी के माता-पिता रिची को बहुत पसंद करते थे। उनका एल्बम 'डांसिंग ऑन द सीलिंग' मेसी के जन्म से एक साल पहले 1986 में आया था। मेसी का जन्म 1987 में हुआ था। यह एल्बम डबल-प्लैटिनम बन गया था और इसमें टाइटल ट्रैक 'बैलेरिना गर्ल' और 'से यू, से मी' जैसे गाने शामिल थे। इसके अलावा उनका 'हेलो' गाना भी काफी फेमस है। डबल प्लैटिनम एल्बम का मतलब कि किसी एल्बम की वर में दो मिलियन कॉपी बिक चुकी हैं।

### मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना बना था वर्ल्ड चैंपियन

अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन है। टीम ने मेसी की कप्तानी में 2022 में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर खिताब जीता था। अर्जेंटीना को इससे पहले 1986 में खिताबी कामयाबी मिली थी। अर्जेंटीना का यह ओवरऑल तीसरा खिताब रहा। टीम 1978 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। मेसी फिलहाल इंटर मियामी से क्लब फुटबॉल खेलते हैं।

### 10 साल की उम्र में गंभीर बीमार से लड़े

मेसी जब 10 साल के थे तो पता चला कि उन्हें ह्यग्रोथ हार्मोन डेफिशिएंसी की बीमारी है। इससे शरीर का विकास रुक जाता है। इसके इलाज में हर महीने 1000 डॉलर का खर्च उठाना परिवार के लिए मुमकिन नहीं था। तब नेवल्स ओल्ड बॉय क्लब ने बार्सिलोना क्लब को इसकी जानकारी दी, जो मेसी के खेल से काफी प्रभावित था और उसे टीम में शामिल करना चाहता था। फिर क्लब ने उनकी बिमारी का इलाज कराया।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आगमन पर उत्साहित नजर आए भाजपाई





















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक गाजियाबाद आए। उन्होंने अंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी मूर्ति माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भाजपा ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मेयर सुनीता दयाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित सभी प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने नवयुग मार्किट स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंचकर डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने कहा कि हमें संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर से जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। हमें उनके तीन शब्दों को सफलता के लिए आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने संगठित रहने, शिक्षित होने और संघर्षशील रहने का नारा दिया था।

## नहर की पुलिया पर पलटा ट्रक, चालक सुरक्षित

### 2 घंटे के रेस्क्यू में क्रेन से निकाला



**परिचालक के फंसे थे दोनों पैर**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना लोनी क्षेत्र में केआर इंटर कॉलेज सकलपुर के पास नहर की पुलिया पर एक ट्रक पलट गया। ईंट भट्ठे के लिए सामान ले जा रहा ट्रक हादसे का शिकार हुआ।

हादसे में ट्रक चालक मनजीत और परिचालक अमित फंस गए। चालक मनजीत को तुरंत सुरक्षित निकाल लिया गया। परिचालक अमित के दोनों पैर ट्रक में फंस गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगवाई। करीब दो घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अमित को सुरक्षित निकाला गया। हादसे में अमित के पैरों में चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। राहत की बात यह रही कि ट्रक नहर में नहीं गिरा और पुलिया पर ही अटक गया। पुलिस ट्रक को नहर से निकालने की कार्रवाई कर रही है।

## खिलौने बेचने वाले युवक ने नाबालिग बच्ची से की छेड़छाड़

**मोदीनगर।** एक कॉलोनी में दस वर्षीय बच्ची के साथ छेडछाड़, अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। पास खड़े एक युवक द्वारा इसका वीडियो बनाकर परिजनों को दिखाया दिया। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। थानान्तर्गत नगर एक कॉलोनी में जब सुबह ठेली पर एक व्यक्ति बच्चों के खिलौने व खाने का सामान बेचने के लिए आया था। कॉलोनी निवासी दस वर्षीय बच्ची भी ठेले पर सामान लेने के लिए पहुंच गई। आरोप है कि सामान देखते समय बच्ची के साथ आरोपी ने छेडछाड़ व अश्लीलता की। बच्ची के साथ अश्लीलता करने का वीडियो कॉलोनी निवासी एक युवक ने रिकार्ड कर लिया और उसके परिजनों को दिखा दिया। वीडियो देखने के बाद बच्ची के परिजनों ने आरोपी को काफी तलाश किया। लेकिन तब तक वह वहां से जा चुका था। बच्ची के पिता ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपी की तलाश कर रही है।

## यूपी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 6 वर्षीय छात्रा ने पदक जीतकर किया नाम रोशन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** छह वर्षीय कक्षा एक की छात्रा ने यूपी ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके परिवार को बधाई देने वाला का तांता लगा हुआ है। कानपूर में यूपी ओपन ताइक्वांडो चैपियनशिप का आयोजन 10 से 13 अप्रैल के बीच किया गया। मोदीनगर की सत्यनगर कॉलोनी निवासी पूजा शर्मा की छह वर्षीय पुत्री वृंदा शर्मा ने भाग लिया। वृंदा शर्मा ने चैपिशनशिप में सब जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वृंदा शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेष्य मां पूजा शर्मा व कोच ऋषभ चैहान को दिया है। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पालिकाध्यक्ष विनोद वेशाली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, स्वदेश जैन, रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह सहित शहर के गणमान्य लोगों ने बच्ची को बधाई दी है।

## पत्रक वितरण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने गांव चलो बूथ चलो अभियान के तहत दिल्ली के चौपाल सहित शहर के प्रमुख बाजारों में सरकारी उपलब्धि के पत्रक बांटे इस दौरान उन्होंने बाजारों में दुकानदारों से संपर्क किया तथा पत्रक वितरित करते हुए उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वीरेंद्र सारस्वत के साथ बूथ अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि भी प्रमुख रूप से मौजूद थे

## शमशान घाट के पास मिला महिला का शव, पहचान की कोशिश जारी



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित मोहल्ला शिवगढ़ी के शमशान घाट के पास एक महिला का शव मिला है। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने शमशान घाट के निकट जंगल में शव को देखा। इसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर और थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मृतका की पहचान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों को भी शव मिलने की सूचना दी गई है। गुमशुदा लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का सटीक कारण पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

## जमीनी विवाद में दो युवकों को मारी गोली, घायल



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे दो युवकों को जमीनी विवाद के चलते गोली मारकर घायल कर दिया गया। दोनों को गंभीर अवस्था में गाजियाबाद के एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

निवाड़ी थानान्तर्गत गांव डबाना में सोमवार देर रात ग्राम प्रधान अजय चौधरी का विवाह समारोह था। विवाह समारोह में शामिल होने राहुल त्यागी व योगेश भी आये हुये थे। इस बीच इन दोनों की जमीनी मामले में लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि राहुल ने अपने बड़े भाई लोकेंद्र त्यागी को भी मौके पर बुला लिया। दोनों भाइयों ने योगेश के साथ मारपीट की, बीच बचाव करने आए गजेंद्र उर्फ मुन्नू को राहुल व लोकेंद्र त्यागी ने पिस्टल से गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## वैशाली सेक्टर-5 कंपोजिट विद्यालय में संचारी रोगों से बचाव पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संचारी रोग नियंत्रण माह व दस्तक अभियान को लेकर यूपीएचसी महाराजपुर व रितु फाउंडेशन दोबारा वैशाली सेक्टर-5 कंपोजिट विद्यालय में संचारी रोगों से बचाव के आधार पर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ ऋतु वर्मा ने बताया कि संचारी रोग के रोकथाम के अभियान के तहत बच्चों को कला प्रतियोगिता और निबन्ध प्रतियोगिता करवाई गई ।जिसमें 6, 7, 8 कक्षाओं के 150 बच्चों ने भाग लिया । प्रथम द्वितीय एवं द्वितीय स्थान बाले वच्चो को ऋतु फाउंडेशन द्वारा पुरस्कृत ईनाम वितरित किये गये ।ओर लगभग 200 बच्चों को जूस (नारियल) पानी वितरित किये गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पा रानी ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन होता रहना चाहिए जिससे बच्चों में ज्ञानवर्धा होता है। इस अवसर पर जितेंद्र सारस्वत, पवित्रा माधव आदि लोग उपस्थित रहे।

# इस्राइल ने गाजा में अस्पताल के गेट पर किया हवाई हमला, तीन चिकित्सक और सात मरीज घायल

**गाजा पट्टी ।** इस्राइली हवाई हमला मुवासी इलाके में कुवैती फील्ड अस्पताल पर हुआ, जहां लाखों लोग विशाल टेंट कैंपों में शरण लिए हुए हैं। इससे पहले, इस्राइल ने निकासी का आदेश देने के बाद रविवार को उत्तरी गाजा में अल-अहली अस्पताल पर हमला किया। अस्पताल के अनुसार, निकासी के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके अलावा, हमले में आपातकालीन कक्ष, फार्मेसी और आसपास की इमारतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। यरूशलम निवासी अस्पताल संचालक एपिस्कोपल डायोसीज ने हमले की निंदा की।



**इस्राइल ने मंगलवार को गाजा पट्टी में एक फील्ड अस्पताल के गेट पर हवाई हमला किया। इस हमले में तीन चिकित्सक और सात मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। अस्पताल के प्रवक्ता सबर मोहम्मद ने बताया कि दो मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि, इस्राइली सेना की ओर से हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है**

## इस्राइल के आरोपों को हमास ने किया खारिज

वहीं, इस्राइल ने अपने बचाव में कहा कि उसने अस्पताल के भीतर हमास कमांडर और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया था। बता दें कि इस्राइली सेना ने 18 महीने के युद्ध के दौरान कई बार अस्पतालों को निशाना बनाया है। इस्राइल ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अस्पतालों को छिपने और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, हमास ने इस्राइल के आरोपों को खारिज कर दिया। वहीं, अस्पताल के कर्मचारियों ने भी इस्राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इस्राइल पर नागरिकों को खतरे में डालने और क्षेत्र की स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ट करने का आरोप लगाया है।

हमास के हमले के बाद शुरू हुआ युद्ध

हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर नागरिक थे। इसके अलावा, हमास के आतंकवादियों ने 251 लोगों का अपहरण कर बंधक बना लिया था। जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया, जिसके बाद हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल के जवाबी हमले में 51,000 लोग मारे गए हैं।

# शेख हसीना और बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी का नया वारंट जारी, भ्रष्टाचार के इन आरोपों में कार्रवाई तेज

**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद और 16 अन्य लोगों के खिलाफ नए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। ये कार्रवाई आवासीय भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर दर्ज दो मामलों में की गई है।



ढाका मेट्रोपोलिटन सीनियर स्पेशल जज की अदालत ने ये गिरफ्तारी वारंट एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) की चार्जशीट पर गौर करने के बाद जारी किए। आरोप है कि शेख हसीना और उनके करीबी लोगों ने राजधानी ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल न्यू टाउन में प्लॉट हासिल करने में नियमों का उल्लंघन किया। इस मामले में एक सरकारी वकील ने बताया कि अधिकांश आरोपी सरकारी अधिकारी हैं। कोर्ट ने क्या दिया आदेश जज जाकिर हुसैन ने देशभर के कई पुलिस थानों को निर्देश दिया है कि वे 29 अप्रैल तक गिरफ्तारी की प्रगति रिपोर्ट पेश करें। सभी आरोपियों को फिलहाल भगोड़ा घोषित किया गया है। इससे पहले इसी अदालत ने हसीना की बेटी सायमा वाजेद पुतुल, बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद तुलिप सिद्दीक, रेहाना के बेटे रदवान मुजीब सिद्दीक और 48 अन्य के खिलाफ भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे।

एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) का आरोप है कि शेख हसीना परिवार ने गुपचुप तरीके से 60 कट्ठा (करीब 1.86 एकड़) सरकारी जमीन अवैध रूप से हड़पी, जो पुरबाचल के सेक्टर 27 के राजनयिक जोन में आती है। इससे पहले, हाई कोर्ट ने एक जांच समिति बनाई थी जिसमें एक पूर्व जज को नियुक्त कर प्लॉट आवंटन की जांच का आदेश दिया गया था।

शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना के खिलाफ मुजीब शताब्दी समारोह में 4,000 करोड़ टका खर्च करने का भी मामला दर्ज है। ये धनराशि राष्ट्रीय कोष से खर्च की गई।

# अकाल प्रभावित शिविरों पर हमले में बढ़ी मरने वालों की संख्या

**संयुक्त राष्ट्र ।** सूडान के दारफुर इलाके में भुखमरी का सामना कर रहे लोगों के शिविरों पर अर्धसैनिक बल आरएसएफ के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र का दावा है कि दो दिन तक हुए हमलों में 300 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अफ्रीकी देश में गृहयुद्ध को दो साल पूरे होने वाले हैं।



संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) को जमजम और अबू शोरूक विस्थापन शिविरों के साथ-साथ उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में हाल ही में हुई लड़ाई के बाद बड़े पैमाने पर हताहतों और बड़े पैमाने पर विस्थापन की रिपोर्ट मिली है। प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें एनजीओ रिलीफ इंटरनेशनल के 10 मानवीय कर्मचारी भी शामिल हैं। जिन्होंने जमजम शिविर में अंतिम कार्यशील स्वास्थ्य केंद्रों में से एक का संचालन करते हुए अपनी जान गंवा दी।

सूडान में लड़ाई में उस वक्त तेज हुई जब मंगलवार को लंदन में युद्ध की वर्षगांठ पर सम्मेलन होने वाला है। यह ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जर्मनी और फ्रांस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ 20 से ज्यादा विदेश मंत्रियों के भाग लेने की उम्मीद है।

दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि सम्मेलन में सूडान के पड़ोसी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय संघर्ष को बढ़ावा देने के बजाय शांति की दिशा में एकता के साथ आगे बढ़ें।

# न्यूयॉर्क में हर साल 14 अप्रैल को मनेगा डॉ. बीआर आंबेडकर दिवस, मेयर एरिक एडम्स ने किया एलान

**न्यूयॉर्क ।** अब न्यूयॉर्क में भी हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने इसकी सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक क्षण जब डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क मेयर के कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया। बाबासाहब की न्याय और समानता की वैश्विक विरासत का सम्मान करने के लिए मेयर और डिप्टी कमिश्नर दिलीप चौहान को मेरा हार्दिक धन्यवाद।



**न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने इसकी घोषणा की। इसके तहत शहर के 8.5 मिलियन निवासी आंबेडकर दिवस को मनाएंगे। न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी**

दिलीप चौहान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के आदर्श सीमाओं और समय से परे हैं। संयुक्त राष्ट्र और न्यूयॉर्क के हॉलों में उनकी मजबूत जड़ें हैं। यह एक ऐसा शहर है जो अप्रवासियों द्वारा निर्मित है, जो अपनी विविधता से ऊर्जावान है। यह अवसर और समावेश में अपने साझा विश्वास से एकजुट है। फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन के अध्यक्ष दिलीप म्हस्के ने कहा कि यह समानता और नागरिक अधिकारों के लिए दुनिया के सबसे परिवर्तनकारी चैंपियनों में से एक की गहरी मान्यता है कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस घोषणा में लोकतंत्र, सम्मान, महिला सशक्तिकरण और ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय को आगे बढ़ाने में डॉ. आंबेडकर की महान विरासत को स्वीकार किया गया है। म्हास्के ने एडम्स का आभार जताते हुए कहा कि यह घोषणा प्रतीकात्मक से कहीं अधिक है।

# बंदूकधारियों के हमले में 40 लोगों की मौत, राष्ट्रपति टिनुबु ने की पुष्टि

**अबुजा ।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने सोमवार को जानकारी दी कि मुसलमान बंदूकधारियों ने देश के उत्तर-मध्य हिस्से में एक ईसाई कृषक (किसान) समुदाय पर हमला किया, जिसमें चालीस लोग मारे गए। यह नाइजीरिया में बढ़ती हुई हिंसा की लहर में नया मामला है।



राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने रविवार की रात जीके समुदाय पर हुए हमले की जांच का आदेश दिया और पीड़ितों व उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई। टिनुबु ने सोमवार रात एक बयान में कहा, मैंने सुरक्षा एजेंसियों को इस संकट की पूरी तरह से जांच करने और इन हिंसक कृत्यों को अंजाम देने वालों की पहचान करने का निर्देश दिया है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, जो अचानक हुए हमले से हैरान थे और भागने में असमर्थ थे। ऐसे हमले अब अफ्रीका की सबसे बड़ी आबादी वाले देश के इस हिस्से में आम हो गए हैं, जहां हमलावार सुरक्षा की कमी का फायदा उठाकर किसानों पर जमीन और संसाधनों को लेकर हमले करते हैं।

# अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में शक्तिशाली भूकंप

**अमेरिका ।** अमेरिका में भूकंप के तगड़े झटकों के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया में सड़कों पर पत्थर गिरने की खबर है। सैन डिएगो के बाहर ग्रामीण सड़कों पर पत्थरों के गिरने के अलावा लोगों के घरों के भीतर भी दहशत फैल गई। अलमारियों में रखे सामानों के अलावा दीवारों के हिलने से लोग सहम गए। अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल, किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (वरज्ञ्र) के मुताबिक सैन डिएगो के पास स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.08 बजे भूकंप के झटके लगे। यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र सैन डिएगो काउंटी में था। इसका असर लॉस एंजिल्स काउंटी तक महसूस किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 5.2 तीव्रता के भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए। भूकंप पर सोने की खदान के पूर्व मालिक ने क्या बताया सैन डिएगो काउंटी के पहाड़ी शहर जूलियन में भी भूकंप के झटके लगे। यहां की आबादी करीब 1500 है। स्थानीय निवासी पॉल नेल्सन ने बताया कि घर की खिड़कियां हिल रही थीं। उन्हें डर था कि वे टूट जाएंगी।




# नागरिकता के लिए साक्षात्कार देने पहुंचा फलस्तीनी छात्र गिरफ्तार

**वर्मोंट ।** गाजा के समर्थन में आवाज उठाना एक फलस्तीनी छात्र को भारी पड़ गया। कोलंबिया विवि का फलस्तीनी छात्र जब अमेरिकी नागरिकता के लिए साक्षात्कार देने वर्मोंट के आव्रजन कार्यालय में पहुंचा, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छात्र के वकीलों ने बताया कि मोहसेन महदावी अमेरिका का एक कानूनी स्थायी निवासी है। उसके पास 2015 से ग्रीन कार्ड है। उसे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंटों ने कोलचेस्टर में अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया।

वकीलों ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह कहां है? हमने संघीय अदालत में एक याचिका दायर की जिसमें सरकार को उसे राज्य या देश से निकालने से रोकने का आदेश मांगा गया है। वकील लूना ड्रोबी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने मोहसेन महदावी को फलस्तीनियों की ओर से उनकी वकालत और एक फलस्तीनी के रूप में उनकी पहचान के कारण हिरासत में लिया। यह गाजा में अत्याचारों के खिलाफ बोलने वालों को चुप कराने का एक प्रयास है। यह असंवैधानिक भी है। अदालत में दायर याचिका में बताया गया है कि महदावी का जन्म वेस्ट बैंक के एक शरणार्थी शिविर में हुआ था और वह 2014 में संयुक्त राज्य अमेरिका आ गए थे। उन्होंने हाल ही में कोलंबिया में कोर्सवर्क पूरा किया। वह मई में स्नातक की उपाधि और फिर सर्दियों में



मास्टर डिग्री कार्यक्रम शुरू करेंगे। वह प्रतिबद्ध बौद्ध है, जो अहिंसा और सहानुभूति को अपने धर्म के केंद्रीय सिद्धांत के रूप में मानते हैं।

याचिका में बताया गया कि महदावी गाजा में इजरायल के सैन्य अभियान के मुखर आलोचक हैं।

# 23 अप्रैल से नामांकन, तीन मई को मतदान राष्ट्रपति के संसद भंग करने के बाद फैसला

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में 14वें आम चुनावों का एलान हो गया है। चुनाव विभाग ने तारीखों का एलान करते हुए कहा कि देशभर में तीन मई को मतदान होगा। जबकि नामांकन 23 अप्रैल से शुरू होंगे। इससे पहले राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर संसद को भंग कर दिया। राजनीतिक दलों ने भी चुनाव को लेकर कमर कस ली। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ पीपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी के बीच है।



सिंगापुर की सत्ता पर 1965 से काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में अपना किला बचाने का प्रयास कर रही है। वोंग ने पिछले साल मई में सिंगापुर के चौथे नेता के रूप में शपथ ली थी। इस चुनाव में वे मजबूत जीत हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि सरकार के प्रति मतदाताओं के बढ़ते असंतोष के कारण 2020 के चुनावों में पीएपी को झटका लगा था।

## युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश

पीएपी प्रमुख के रूप में अपने पहले आम चुनाव में वोंग असंतुष्ट युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश में है। उन्होंने फॉरवर्ड सिंगापुर योजना शुरू की जिसका उद्देश्य सिंगापुर के लोगों को यह कहने का मौका देना है कि अगली पीढ़ी के लिए अधिक संतुलित, जीवंत और समावेशी एजेंडा कैसे विकसित किया जाए? इसके साथ ही पीएपी में नई जान फूंकने के लिए 30 से ज्यादा नए उम्मीदवार उतारने का एलान किया है। वोंग ने चेतावनी दी है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आपके कॉकपिट में कौन है, यह मायने रखता है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार प्रणाली को प्रभावित करते हैं।

सिंगापुर बनाम दुनिया बड़ी चुनौती पिछले दिनों पीएम लॉरेंस वोंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा था कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक दलों के बीच नहीं है, बल्कि सिंगापुर बनाम दुनिया है हमारा मिशन अपने देश को स्थिरता, प्रगति और उम्मीद की एक चमकती हुई किरण बनाए रखना। जबकि सिंगापुर दुनिया के सबसे धनी देशों में से एक के रूप में विकसित हुआ है, यह रहने के लिए सबसे महंगे शहरों में से एक भी बन गया है। इन मुद्दों पर घिर रही पीएपी चुनाव में सत्तारूढ़ पीएपी के सामने कुछ ऐसे मुद्दे हैं जो मुसीबत बन सकते हैं। बढ़ती आय असमानता, महंगी होती आवास व्यवस्था, आप्रवासन के कारण बढ़ती भीड़ और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों ने पीएपी की सत्ता पर पकड़ को कमजोर कर दिया है।

# ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, नौसेना प्रमुख ने गाया गाना

**अफ्रीकी ।** नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शनिवार से तंजानिया की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। एडमिरल त्रिपाठी भारत और कई अफ्रीकी देशों की नौसेनाओं के बीच होने वाले एक बड़े युद्धाभ्यास-



अक्डए टए के गवाह बन रहे हैं। भारतीय नौसेना और तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स तंजानिया के दार-एस-सलाम में ह्यअफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम (एआईकेईवाईएमई) नाम के नौसेना अभ्यास की सह-मेजबान हैं। इसका मुख्य उद्देश्य भारत और कई अफ्रीकी देशों की नौसेनाओं के बीच होने वाले विशाल युद्धाभ्यास एआईकेईवाईएमई को अवलोकन एवं समीक्षा करना है।

# अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता जारी रखने का खामेनेई ने किया समर्थन, सतर्कता बरतने की दी सलाह

**तेहरान ।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ता को लेकर कहा है कि बातचीत जारी रहनी चाहिए, लेकिन ईरान को बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए और हर कदम सोच-समझकर उठाना चाहिए।



## पहले दौर की बातचीत हो चुकी है, अगला दौर जल्द

अमेरिका और ईरान के बीच पहला दौर 12 अप्रैल को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। यह बातचीत ज्यादातर अप्रत्यक्ष रूप में हुई थी। अब अगला दौर 19 अप्रैल को होने वाला है। पहले यह बातचीत इटली में होने की योजना थी, लेकिन अब फिर से ओमान में ही कराने का फैसला लिया गया है। हालांकि इस बदलाव की कोई खास वजह सार्वजनिक नहीं की गई है।

खामेनेई का सधा हुआ रुख

15 अप्रैल को ईरान के तीनों प्रमुख शक्ति स्तंभों (कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में खामेनेई ने पहली बार इन वार्ताओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'बातचीत शुरू करने का जो फैसला लिया गया था, वह सही दिशा में था और अभी तक अच्छी तरह से आगे बढ़ा है। लेकिन आगे बढ़ते हुए हमें सावधानी बरतनी होगी। खामेनेई ने कहा कि इन वार्ताओं से कोई नतीजा निकल सकता है या नहीं भी, दोनों ही संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हम बातचीत को लेकर ना ज्यादा आशावादी हैं और ना ही निराशावादी। हां, हम दूसरी तरफ (अमेरिका) को लेकर बहुत ज्यादा भरोसे में नहीं हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है।' अयातुल्ला अली खामेनेई ने अधिकारियों से साफ कहा कि देश की आर्थिक या राजनीतिक योजनाओं को इन वार्ताओं के नतीजों से जोड़कर न देखा जाए।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को नया बस अड्डा के पास स्थित महामाया स्पार्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ सीडीओ अभिनव गोपाल भी साथ रहे। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद एथलीट क्लब के सदस्यों को साथ लेकर स्टेडियम का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए कमियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।





## उपस्थिति रजिस्टर किया चैक, कई फाइलों को अपने आफिस में किया तलब

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने स्वीमिंग पूल, क्रिकेट ग्राउंड, मिट्टी से बनाए जा रहे ट्रैक का निरीक्षण करते हुए कहा कि यहां की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाक्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई छुट्टी पर थीं। उनकी अनुपस्थिति में जिलाधिकारी ने अटैंडेंटस रजिस्टर चैक किया और वहां नियुक्त कर्मचारियों के बारे में एक-एक कर पूछा।

## स्वीमिंग पूल, एथलीट ट्रेक, क्रिकेट ग्राउंड के जीर्णोद्धार को लेकर स्पोर्ट्स कल्याण समिति की बैठक बुलाने के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार को लेकर फाइलों को अपने कार्यालय में तलब किया है। निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद एथलीट क्लब के सत्य यादव व कोच राजेन्द्र यादव भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद एथलीट क्लब के सदस्यों को आश्वस्त किया कि महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम की कमियों को दूर करने के लिए जल्द ही गाजियाबाद स्पोर्ट्स कल्याण समिति की बैठक बुलाई जाएगी और प्रस्तावों के आधार पर कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा।



# 'वो पल जब एक राजपत्रित अधिकारी ने ऊंचाई की परिभाषा ही बदल दी...'

## यह सिर्फ एक फोटो नहीं है, यह एक विचार है...





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अजय गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव के अवसर पर, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज, नवयुग मार्केट गाज़ियाबाद के नन्हे-मुन्ने बच्चों की रैली जब बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करने आई, तो कुछ बच्चों ने अपर जिला अधिकारी (नगर), गाज़ियाबाद, गम्भीर सिंह जी से निवेदन किया – 'सर, हमें आपके जैसा बनना है। हमें आपके साथ एक फोटो चाहिए।' और फिर जो हुआ, वह एक इतिहास बन गया। एक राजपत्रित



अधिकारी होने के बावजूद, गम्भीर सिंह ने सभी प्रोटोकॉल को पीछे छोड़ते हुए बच्चों की ओर कदम बढ़ाए। उन्होंने बच्चों के पीछे खड़े होकर तस्वीर ही नहीं खिंचवाई बल्कि स्वयं नीचे जमीन पर बैठ गए, और बच्चों को अपने पीछे खड़ा कर दिया।

ये कोई साधारण दृश्य नहीं था, ये था उस सादगी, उस महानता का, उस नेतृत्व की एक झलक। जहाँ नेता पीछे नहीं, नीचे होता है ताकि उसकी अगली पीढ़ी ऊँचाई पर खड़ी हो सके। इस तस्वीर में समाया है एक अधिकारी का मानवीय स्वरूप। एक शिक्षक का मातृत्व भाव, एक मार्गदर्शक का विनम्र प्रकाश, और एक सच्चे भारतवासी का सपना। भारत का हर बच्चा आसमान को छू ले गाजियाबाद के प्रत्येक नागरिक एवं बुद्धिजीवी लोग, संपूर्ण स्कूल प्रबंधन, एवं नया विचार नई ऊर्जा एडीएम सिटी गम्भीर सिंह जी को हृदय की गहराइयों से प्रणाम करते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि एक दिन आपका और हमारा फाउंडेशन आपकी प्रेरणा से ऐसी मिसाल बनेगा जिसकी रौशनी हर कोने तक पहुंचेगी।

## नामांकन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दस्तावेज लेखक एसोसिएशन रजिस्टर्ड 2025-26 के वार्षिक चुनाव में संजीव कौशिक वरिष्ठ बैनामा लेखक ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर वरिष्ठ बैनामा लेखक विनोद कुमार जावली, राकेश कुमार शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ बैनामा लेखक अमर सिंह, वरिष्ठ बैनामा लेखक झब्बर सिंह, वरिष्ठ बैनामा लेखक ओमप्रकाश यादव, पूर्व अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, गौरव शर्मा, अजय कुमार, इंद्र सैन, सुशील गोयल, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम यात्रा के आयोजन को लेकर हुआ मंथन

**मोदीनगर।** भगवान श्री परशुराम की शोभा यात्रा निकाले जाने को लेकर मंथन करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। कपड़ा मिल स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण मे आयोजित हुई बैठक में विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी माह चार मई, रविवार की सुबह दस बजे से यात्रा सीकरीकला से प्रारंभ होकर परशुराम मंदिर पुरानी तहसील तक जाएगी। पूर्व सभासद दीपक वत्स ने बताया कि इस यात्रा में समाज के युवा, महिलाएं व गणमान्य लोग शामिल होंगे। सभासद प्रदीप शर्मा ने समाज के लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता सचिन दीक्षित ने की। इस मौके पर नानकचंद शर्मा हापुड़, दीपक वत्स, प्रदीप (कालू), बबलू कौशिक, योगेश तिवारी, मंगल मिश्रा, सौरभ कौशिक, सौरभ शर्मा, हरिओम शर्मा, विनय वत्स, संभव, रजत, सत्यकांत, ऋषि, मनीष शर्मा, विपुल शर्मा, बीके शर्मा, विनय शर्मा, शुभम शर्मा, आशीष, राजा पंडत, गौरव शर्मा, केके शर्मा, सचिन, मधुसूदन आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर हिंदी भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हिंदी भवन, गाजियाबाद में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें नाटक 'पूर्णिश्लोक अहिल्याबाई' का प्रभावशाली मंचन हुआ। इस अवसर पर गाजियाबाद के पूर्व मेयर अशु वर्मा, डॉ. तारा गुप्ता, निर्देशिका गंधर्व संगीत महाविद्यालय, हिंदी भवन के महामंत्री सुभाष गर्ग व अध्यक्ष ललित जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन सारांश भट्ट द्वारा किया गया, जिन्होंने बीते कुछ सप्ताह से आयोजित थिएटर कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को रंगमंच की बारीकियों, अभिनय तकनीक और मंचीय अनुशासन का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में ही प्रतिभागियों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन की विविध घटनाओं पर आधारित नाटक की पटकथा लिखी गई, जिसे अंततः आशना कक्कड़ ने अंतिम रूप प्रदान किया। नाटक में अहिल्याबाई के



जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया—उनकी सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके योगदान को प्रभावी संवादों और सशक्त अभिनय के माध्यम से दर्शाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों व अन्य अतिथियों ने नाटक की भूरी-भूरी प्रशंसा की और यह इच्छा प्रकट की कि भविष्य में इस नाटक की और भी प्रस्तुति की जाएं। दर्शकों ने कलाकारों की मेहनत और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति था, बल्कि एक प्रेरणा स्रोत भी बना, जिसने सामाजिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव को एक नए रंगमंचीय रूप में सामने लाया। कार्यक्रम का संचालन मार्टिना मेधी ने अत्यंत सुचारू और आकर्षक ढंग से किया। प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी देवव्रत अमोल ने निभाई, जिन्होंने अपने प्रकाश संयोजन से दृश्यों को जीवंतता प्रदान की। नाटक की परिकल्पना वा निर्देशन सारांश भट्ट ने की।

# बंगाल हिंसा पर गाजियाबाद में विरोध

## हिंदू संगठनों ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका, राष्ट्रपति शासन की मांग





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विभिन्न हिंदू संगठनों ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा, परमार्थ सेवा ट्रस्ट और विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा के कार्यकताओं ने पहले शव यात्रा निकाली। प्रदर्शन में शामिल बीके शर्मा ने कहा कि बंगाल में अराजकता के कारण लोग पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले किए गए। वक्फ कानून का विरोध करने वाले लोग सांप्रदायिक घृणा फैला रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राज्य सरकार और पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाया गया। इस स्थिति के कारण मुर्शिदाबाद के हिंदू परिवार पड़ोसी जिलों और झारखंड तक पलायन करने को मजबूर हुए हैं। जिला मुख्यालय के बाहर आयोजित इस प्रदर्शन में संगठनों ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।

# प्रॉपर्टी विवाद : भतीजे ने चाचा की गोली मारकर की हत्या

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी क्षेत्र में एक युवक ने अपने सगे चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी हाथ में तमंचा लहराते हुए फरार हो गया।

सरेआम हत्या से दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने बताया कि परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। आरोपी की तलाश में पुलिस की 2 टीम लगाई गई है। संपत्ति बंटवारे को लेकर हुई कहासुनी गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में तालिब राजमिस्त्री वाली कन्नी बनाने का काम करता है। अपने ही चाचा अफजाल से संपत्ति के बंटवारे को लेकर कहासुनी हुई। मंगलवार दोपहर युवक ने गोली मारकर चाचा अफजाल (37) की हत्या कर दी।




(मृतक अफजाल फाइल फोटो)



(हत्या करने वाला तालिब)

पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। इंस्पेक्टर मसूरी अजय कुमार ने बताया कि आपसी विवाद के लिए भतीजे ने अपने ही चाचा की गोली मारकर की हत्या की है। युवक ने अपने चाचा के सिर के पास एक गोली मारी है। इसके बाद युवक अपनी दुकान से फरार हो गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कह दिया हुआ वाले विधायक जी का बरस रहा है भगवा योद्धा पर प्यार? वो दुआ में भी कर रहे हैं उनसे पूरी मोहब्बत का इजहार? हमने देखा ऑडिटोरियम वाले कार्यक्रम में वो सड़क से मार्च कराते हुए 300 लोगों से ऊपर की भीड़ लेकर गये अपने साथ? करा दिया एहसास, तुम्हारी जगह हमारे दिल में है बहुत खास? भगवा योद्धा की टोली विधायक जी के इस शक्ति प्रदर्शन की खूब कर रही थी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन में आसानी से मिस्टर डेढ़ा यूं ही नहीं खाने देंगे किसी को पेड़ा? कहने वाले ने कहा जिस तरह कालका गढ़ी चौक पर डिप्टी सीएम का किया है जोरदार स्वागत? हमें लग रहा है संगठन के प्रमुख पद पर खिलेगा इस चेहरे का सवेरा? सुना है स्वागत में उमड़ी भीड़ को लेकर भगवा योद्धा भी हैं बहुत खुश? वैसे भी वो मैरिट पर निर्णय लेंगे, भले ही आस-पास घूमने वाले उनको कितना ही कर रहे हों खुश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा ने बाबा साहेब वाले कार्यक्रम में पूरी तरह से रखा अनुसूचित फैक्टर का ध्यान? उन्होंने पूरी शिद्दत से सौंपी मंच की सुशील गौतम को कमान? इतना ही नहीं पार्टी के प्रमुख चेहरों से कराया उन्होंने डिप्टी सीएम का सम्मान? प्रोटोकॉल में डिप्टी सीएम को यूपी गेट से लाने की तैयारी प्रदीप चौहान और लेखराज माहौर को दी? बखूबी से किया ये वाला भी काम? कहने वाले ने कहा इसलिए जब कार्यक्रम जब खत्म हुआ, तब दिखाई दे रही थी अधिकतर अनुसूचित नेताओं के चेहरों पर मुस्कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे तो बाबा साहब वाले कार्यक्रम में कई चेहरों ने भीड़ जुटाकर निभाया अपना रोल? मगर कुछ अनुसूचित नेता बहुत ही कम संख्या अपने साथ लेकर पहुंचे, जो बोल रहे थे मीटिंगों में बड़े-बड़े बोल? कहने वाले ने कहा इस कार्यक्रम में भीड़ जुटाने में बिलकुल भी नहीं चूके चौहान? सुना है सैंकड़ों की संख्या में उनके नेतृत्व में लोग कार्यक्रम में पहुंचे थे? इस बात का है भगवा योद्धा को भी है पूरा ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था पार्टी के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ? वहां पर छेड़ दी किसी ने पूरे लव से अधिकारियों के नहीं सुनने की बात? कहा अधिकारियों के मामले में बंद हो जाती है हमारे जनप्रतिनिधियों की जुबान? तब यहां पर एक चेहरे ने खींचा सभी का ध्यान? कहने वाले ने कहा इस मामले में क्रान्तिकारी वाले जनप्रतिनिधि तो कब से लड़ रहे हैं लड़ाई? वो बोल रहे हैं और बाकी सब खामोश हैं, अब इससे ज्यादा हम क्या कह सकते हैं भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा जिस हिसाब से बांट रहे हैं सभी को काम? उसको देख कर हमारा दिमाग घूम गया है श्रीमान? वो लेकर चल रहे हैं सबको साथ? सवाल ये उठता है कि पद आयेगा किस-किस के हाथ? हमने देखा मंच पर उन्होंने डिप्टी सीएम का कराया भाजपा नेता योगेश भाटी से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान? केवल पूर्व विधायक रूप चौधरी के अलावा ये ही गुर्जर चेहरा मंच पर था श्रीमान? जिस हिसाब से दी है भगवा योद्धा ने मिस्टर भाटी को तवज्जो? लग रहा है कुछ ना कुछ वो उनके लिए जरूर करेंगे श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बाबा साहब का कार्यक्रम बहुत ही जोरदार रहा साहब? फिर भी कुछ चेहरे कर रहे थे दर्द-ए-दिल की बात? कह रहे थे पार्टी के डिप्टी सीएम के सामने अनुसूचित समाज के बड़े चेहरों का होना था भाषण? मगर मामला गौतम जी तक ही सिमट गया, उन्हीं को मिला तवज्जो वाला राशन? कहने वाले ने कहा दर्द-ए-दिल वाले ये चेहरे कई जगह पर कर रहे हैं ये बात? अब भाषण को लेकर क्या योजना बनी थी? ये तो योजना बनाने वाले ही बता सकते हैं भाईसाहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऑडिटोरियम के भीतर थे भाजपाई और बाहर थे सिपाही? क्यूं यह बात देखने वालों को समझ नहीं आई? कार्यक्रम जब भाजपा का है तो व्यवस्था की कमान भी संभालनी चाहिए थी देवतुल्यों को? क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर पुलिसकर्मी क्यों भेज रहे थे भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुरोध के साथ ऑडिटोरियम हॉल के भीतर? कहने वाले ने कहा कि पूरा मामला जुड़ा था डिप्टी सीएम की व्यवस्था से? सब कुछ रहे व्यवस्थित इसलिए पुलिसकर्मी हो गए मौके पर स्वयं उपस्थित?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ब्रज वाले विहार से आई थी एक बस ऑडिटोरियम के पास? जब बस में से उतरे भाजपाई तो बात हो गई बेहद खास? गिनने वाले ने जब गिने बस के भाजपाई तो वो निकले पूरे पंद्रह? गिनने वाले ने इस बात ली चुटकी और कहा कि शुक्र मनाओ वरना संख्या रह जाती केवल पांच? कहने वाले ने कहा कि अगर बस खाली भी आती तो भी नहीं आनी थी किसी पर कोई आंच? लेकिन हमें समझ नहीं आया कि एक हजार की क्षमता वाले ऑडिटोरियम को भरने किसने लगा दी नदिया पार से भाजपाईयों को लाने के लिए बस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा पहलवान का मूड नहीं चल रहा है ज्यादा राइट? सुना है उनकी अपने वालों से चल रही है वैचारिक फाइट? किस्सा यह है कि उनकी डोर अभी उलझी हुई है और दोस्त की उड़ रही है पूरी काईट? सुनने वालों ने जो सुना वो भी रह गए हैरान? दोस्त की बिरादरी को लेकर पहलवान के मुख से निकले कुछ अल्फाज? सुनने वाले ने कहा कि टेक इट इजी क्योंकि यह भी है पहलवान का अपना हास्य परिहास का अंदाज? वो कभी नहीं करते किसी के लिए भी गंभीरता से ऐसी बात?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के नेता तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष यादव ने अपनी पुत्रवधू मीनाक्षी यादव के जन्मदिन पर उसके लिए सर्व मंगल की कामना की संतोष यादव ने पुत्रवधू को बेटी का दर्जा दिया और सभी से आशीर्वाद की कामना की रिश्तों की महत्व बताती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।